दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 22 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 88 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली की जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज, देश में अमन और भाईचारे की मांगी दुआ



**नई दिल्ली ।** ईद-उल-फितर के मौके पर शनिवार को जामा मस्जिद में काफी बड़ी तादाद में लोग इकट्ठा हुए और सबने मिलकर ईद की नमाज अदा की। सभी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। एक स्थानीय ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद का दिन आता है, इसलिए इसका इंतजार हर किसी को रहता है। ये दिन अल्लाह की तरफ से एक खास इनाम होता है। पूरे महीने सब्र, इबादत और खुदा की बंदगी करने के बाद ये खुशी का दिन नसीब होता है। यही वजह है कि लोग इसे बहुत प्यार और इज्जत के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ईद का असली पैगाम मोहब्बत फैलाना है। सिर्फ अपने लिए खुश होना नहीं, बल्कि उन लोगों को भी खुशी देना है जो किसी वजह से खुशी नहीं मना पाते, जैसे गरीब लोग या जरूरतमंद लोग।

उनकी मदद करना, उनके साथ बैठना, उन्हें भी अपने साथ शामिल करना यही असली ईद है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलजुल कर रहना चाहिए और समाज में प्यार और भाईचारा बढ़ाना चाहिए।

स्थानीय ने बताया कि आज के दिन सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा गया है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है ताकि कोई दिक्कत न हो और लोग आराम से अपनी नमाज अदा कर सकें। खुशी की बात ये रही कि सब कुछ बहुत शांति और अच्छे तरीके से हो रहा है।

कहीं कोई झगड़ा या परेशानी नहीं हुई, जिससे लोग और भी सुकून से अपनी ईद मना पा रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें अपने देश पर गर्व है, जहां सालों से गंगा-जमुनी तहजीब चली आ रही है। यहां अलग-अलग धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं। ईद के मौके पर भी हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब एक-दूसरे को बधाई देते नजर आते हैं, जो इस देश की खूबसूरती को दिखाता है। स्थानीय ने बताया कि नमाज के बाद लोगों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया कि उन्होंने उन्हें रोजे रखने की ताकत दी और आज ईद की नमाज अदा करने का मौका दिया। कई लोगों ने कहा कि इंशाल्लाह अगले साल भी वो पूरे तीस रोजे रखेंगे। मौसम भी आज बहुत अच्छा था, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी ईद की बधाई



भारत में आज ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही देश की मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग उमड़े हैं। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को ईद की बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मु की ओर से एक्स पोस्ट पर लिखा गया है, ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम बहनों और भाइयों को हार्दिक बधाई। यह त्योहार आत्मसंयम, सेवा, परोपकार एवं वंचित वर्गों के प्रति दया का भाव रखने की सीख देता है। आइए इस अवसर पर हम समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प लें। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा है, ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर करे कि यह दिन भाईचारे और सद्भाव को और बढ़ावा दे। सभी सुखी और स्वस्थ रहें। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी ईद की मुबारकबाद देते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा है, यह शुभ अवसर आशा, सद्भाव और करुणा को प्रेरित करे और खुशियां और सफलता लाए। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू ने एक्स पोस्ट पर लिखा है, सभी को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं! यह विशेष दिन सभी के लिए खुशियां, समृद्धि और नए अवसर लेकर आए। आइए, अपने प्रियजनों के साथ एकजुटता और कृतज्ञता की भावना का जश्न मनाएं। भारत के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पर लिखा है, ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी दुआएं और रोजे कुबूल हों, और अल्लाह हम सभी को शांति, समृद्धि और खुशी प्रदान करे। आइए हम अपने महान देश के लिए करुणा और एकता के साथ मिलकर काम करते रहें।

## 'धामी की मुस्कान और विकास की रफ्तार, 2027 में भी बीजेपी सरकार', हल्द्वानी में गरजे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हल्द्वानी में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की जमकर सराहना की और दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में कोई भी ताकत बीजेपी को सत्ता की 'हैट्रिक' लगाने से नहीं रोक सकती।


**धामी के नेतृत्व में बदला उत्तराखंड का स्वरूप :** पंतनगर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी द्वारा किए गए भव्य स्वागत से गदगद राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की कमान संभालने के बाद पुष्कर सिंह धामी ने विकास की बयार को नई गति दी है। उन्होंने हल्द्वानी को 'कुमाऊं का प्रवेश द्वार' बताते हुए कहा कि धामी सरकार के कार्यकाल में न केवल बुनियादी ढांचे का कायाकल्प हुआ है, बल्कि पर्यटन और स्वरोजगार के क्षेत्र में भी राज्य ने एक नई पहचान स्थापित की है।

**पहाड़ की जवानी और पानी पर जोर :** पुरानी कहावत का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने भावुक अंदाज में कहा, पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी अब देश और पहाड़, दोनों के काम आ रहा है। उन्होंने उत्तराखंड को अन्य राज्यों के लिए एक 'आदर्श मॉडल' बताया और कहा कि प्रदेश की प्रगति अब पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

आगामी चुनावों की आहट के बीच राजनाथ सिंह ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जनता को केवल निराशा मिली, जिसके चलते उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ा।

## रालोद की राजनीति में केसी त्यागी की आमद के होंगे कितने गहरे असर कितना माईलेज ले पायेगा हैंडपम्प अब देहात से लेकर शहर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व सांसद और जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता से लेकर अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके पूर्व सांसद केसी त्यागी अब जदयू को पूरी तरह छोड़ चुके हैं।

वो किस दल में जायेंगे और क्या रणनीति रहेगी, इसको लेकर उन्होंने बीते दिनों एक बैठक की बात कही थी। कहा था कि साथी मंडली के साथ बैठकर विचार होगा। हालांकि केसी त्यागी एक अनुभवी नेता हैं और राजनीति के गुणा भाग को बेहतर जानते हैं। हमेशा से राष्ट्रीय स्तर की राजनीति की है और राजनीति के कुशल बौद्धिक चिंतन वाले नेताओं में उनका नाम शुमार होता है। राजनीति की कर्मभूमि की बात करें तो शुरूआत गाजियाबाद से है। गाजियाबाद की राजनीति में इस चेहरे को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। एक लंबा समय जदयू में बिताने के बाद जब राहें अलग हुई हैं तो अब सियासी रूप से उन्होंने हैंडपम्प वाले दल में जम्प लगा दी है। केसी त्यागी राजनीति के वो चेहरे हैं जिन्हें राजनीति सिखाई नहीं जा सकती। वो राजनीति को जीते हैं और राजनीति उनके व्यक्तित्व में रचती बसती है। सियासत का पूरा कैलकुलेशन जानते हैं। केसी त्यागी अब राष्ट्रीय लोकदल में आ रहे है तो सियासी में हल चल मचेगी। बिहार की राजनीति रहे हैं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश उनकी सियासी कर्मभूमि रही है।

भाजपा के सहयोगी दल में आ रहे हैं तो उनकी आमद का कितना असर उत्तर प्रदेश की राजनीति में पड़ेगा। दिल्ली से लेकर गाजियाबाद मुजफ्फरनगर और शामली में वो कितना प्रभावशाली रहेंगे इस पर सभी की निगाहे हैं। केसी त्यागी आज राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो रहे हैं।

खुशहाल भारत मजबूत किसान के साथ केसी त्यागी की राष्ट्रीय लोकदल में आमद होगी। ये केसी त्यागी का कद है कि जब वो राष्ट्रीय लोकदल का हिस्सा बन रहे हैं तो उनकी ज्वाईनिंग कराने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी आ रहे हैं।

### राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी से शुरू हो सकती है रालोद वाली पारी

करंट क्राइम। रालोद की राजनीति में केसी त्यागी के नाम के साथ एक बड़ा चैप्टर जुड़ रहा है। केसी त्यागी का पोलिटिक्ल कद ऐसा है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी से नीचे कुछ मिलेगा भी नहीं। सियासी आंकलन ये है कि वो रालोद में राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय महामंत्री से लेकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसी जिम्मेदारी के साथ अपनी नई पारी की शुरूआत करेंगे। यहां रोचक बात ये रहेगी कि राष्ट्रीय स्तर के पद पर क्या जयंत चौधरी दो त्यागी चेहरों को एक साथ रखेंगे या फिर यहां एक त्यागी चेहरे को स्थान छोड़ना होगा। अभी से कुछ कहना जल्दबाजी होगी लेकिन सूत्र बताते हैं कि परिवर्तन बड़ा होगा।

## पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति को फोन पर दी ईद की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से शनिवार को टेलीफोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने उन्हें ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं। यह बातचीत पश्चिम एशिया में चल रहे तनावपूर्ण हालात के बीच हुई, जहां क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह त्योहारी मौसम क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाएगा। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। यह बातचीत भारत और ईरान के बीच उच्च स्तरीय संपर्क का अहम हिस्सा है, जो दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को दर्शाती है।

पीएम मोदी की पोस्ट में कहा गया, 'राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बातचीत की और उन्हें ईद व नवरोज की शुभकामनाएं दीं। हमने आशा व्यक्त की कि यह त्योहारी मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए। क्षेत्र में अहम बुनियादी ढांचे पर हमलों की निंदा की।

## सौहार्द के बीच अता की गई ईद-उल-फितर की नमाज पूरे गाजियाबाद में दिखा भाईचारे और शांति का माहौल

### मस्जिदों और ईदगाहों पर तैनात रहा पुलिस बल, अधिकारियों ने लिया जायजा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे हर्षोल्लास, शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह से ही जिले की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते पूरे जिले में कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था देखने को नहीं मिली और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कैला भट्टा, लोनी, मसूरी, मुरादनगर, साहिबाबाद सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में ईद की नमाज अता की गई। सुबह की नमाज के दौरान बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं ने एक साथ इबादत के लिए हाथ उठाए और देश में अमन, चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे माहौल में भाईचारे और सौहार्द की झलक देखने को मिली।

### हर संवेदनशील क्षेत्र में रही कड़ी निगरानी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी अलग-अलग स्थानों पर लगाई गई थी। इसके साथ ही कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से भीड़भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखी गई। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रही ताकि किसी भी अफवाह को तुरंत रोका जा सके। साहिबाबाद क्षेत्र के पसौंड़ा, महाराजपुर, खोड़ा, कनावनी, कौशांबी, राजेंद्र नगर और शालीमार गार्डन जैसे इलाकों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी गई। हर जगह प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी ने सुरक्षा का भरोसा कायम रखा।

### अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी रहे सक्रिय





करंट क्राइम : त्योहार के मौके पर प्रशासनिक और राजनीतिक प्रतिनिधि भी सक्रिय नजर आए। समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ ईद मनाई और उन्हें मुबारकबाद दी। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कैला भट्टा क्षेत्र में पूर्व पार्षद जाकिर सैफी पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को संभालते दिखाई दिए, जो स्थानीय स्तर पर समन्वय और सहयोग का उदाहरण रहा। पुलिस अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडिशनल सीपी राजकरण नैयर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नरेट के सभी जोनों में ईद का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता, स्थानीय लोगों के सहयोग और आपसी समझदारी के कारण कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।



### अमन और भाईचारे का संदेश

करंट क्राइम : ईद के इस पावन अवसर पर गाजियाबाद में जिस तरह शांति और भाईचारे का माहौल देखने को मिला, वह सामाजिक एकता का प्रतीक बना। नमाज के दौरान और उसके बाद लोगों ने देश में सुख-शांति और आपसी सद्भाव की दुआ मांगी, जिससे यह पर्व सिर्फ धार्मिक न होकर सामाजिक समरसता का संदेश भी देता नजर आया।

## कौशांबी केस में मोबाइल डेटा और डिलीट फाइल खोलेंगी कई बड़े राज

**सनसनीखेज**

**"पीसीआर इनपुट से मिला अहम सुराग**
**जल्द ही गाजियाबाद पुलिस टीम को मिलेगा बड़ा इनाम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी इलाके से जुड़े देश विरोधी गतिविधियों के सनसनीखेज मामले में जांच अब और गहराती जा रही है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन से डेटा रिकवरी पर फोकस कर रही है, जिसमें डिलीट की गई फाइलों से भी कई अहम राज खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। जांच एजेंसियों का मानना है कि इन डिजिटल सबूतों से पूरे नेटवर्क और उसके कनेक्शन का बड़ा खुलासा हो सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में पीसीआर पर मिली जानकारी ने जांच को नई दिशा दी थी। शुरूआती इनपुट के आधार पर ही पुलिस ने कार्रवाई तेज की और अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, दो मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

### डेटा रिकवरी से खुलेंगे नेटवर्क के तार




करंट क्राइम : जांच में जुटी टीम आरोपियों के मोबाइल फोन, चैट्स, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल गतिविधियों को खंगाल रही है। खासतौर पर डिलीट किए गए डेटा को रिकवर कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गिरोह किन-किन लोगों और जगहों से जुड़ा हुआ था। आशंका है कि इस गैंग के तार दूसरे राज्यों और एनसीआर तक फैले हो सकते हैं। इस पूरे मामले के सफल खुलासे और कार्रवाई को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों और टीमों को सम्मानित किए जाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित टीमों के नाम शासन स्तर पर भेज दिए गए हैं और जल्द ही डीजीपी स्तर से इनाम मिलने की संभावना है।

### बीट पुलिसिंग की सफलता बनी मिसाल

करंट क्राइम : इस केस में बीट पुलिसिंग की भूमिका बेहद अहम रही। एक बीट कांस्टेबल द्वारा दी गई शुरूआती सूचना ने पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में बड़ी भूमिका निभाई। यह मॉडल अब प्रदेशभर में उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लागू की गई मजबूत बीट व्यवस्था का ही नतीजा है कि स्थानीय स्तर से मिली छोटी सूचना बड़े खुलासे में बदल गई। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले समय में इस सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा।

### कई राज्यों में दबिश, फरार आरोपियों की तलाश जारी





करंट क्राइम : फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें दिल्ली-एनसीआर, बिहार और पश्चिम बंगाल में लगातार छापेमारी कर रही हैं। क्राइम ब्रांच और एसआईटी की टीमें संयुक्त रूप से डेटा एनालिसिस और फील्ड ऑपरेशन दोनों मोर्चों पर सक्रिय हैं।

### अभी एनआईए को नहीं सौंपी जाएगी जांच

करंट क्राइम : सूत्रों की मानें तो फिलहाल इस मामले की जांच उत्तर प्रदेश पुलिस अपने स्तर पर ही करेगी और अभी इसे एनआईए को ट्रांसफर करने की कोई योजना नहीं है। पुलिस का लक्ष्य है कि पूरे मामले की मजबूत चार्जशीट तैयार कर आरोपियों को सख्त सजा दिलाई जाए। कुल मिलाकर, कौशांबी केस में डिजिटल सबूतों की जांच, बीट पुलिसिंग की सक्रियता और लगातार हो रही गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | रविवार • 22 मार्च -2026





# मार्च में मानसून जैसे हालात: आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से देशभर में बदला मिजाज; रबी की फसलों को भारी नुकसान

**नई दिल्ली।** मार्च के महीने में ही देश के कई हिस्सों में मौसम ने मानसून जैसा रूप ले लिया है। पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी हवाओं के चक्रवाती प्रसार और उपोष्णकटिबंधीय पछुआ जेट स्ट्रीम के संयुक्त प्रभाव से उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर और दक्षिण तक बारिश, तेज हवाएं, आंधी-तूफान, वज्रपात और ओलावृष्टि का दौर सक्रिय हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटे में कई राज्यों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ से हुई बेमौसम बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि ने कृषि और बागवानी के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवा से गेहूं की खड़ी फसल कई स्थानों पर गिर गई है। मसूर और चने की तैयार फसल में नमी से दाना काला पड़ने और फलियों के चटकने का डर है।



### तापमान में गिरावट, अस्थायी ठंडक

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे अस्थायी ठंडक महसूस होगी। हालांकि आने वाले दिनों में तापमान के फिर से बढ़ने के संकेत हैं। 19 मार्च को झारखंड के डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पहाड़ों में जोरदार बर्फबारी, ओलावृष्टि के साथ हवाओं ने भी किया परेशान

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम का असर और अधिक तीव्र रूप में देखने को मिला है। इन राज्यों में भारी बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में जोरदार बर्फबारी हुई है। यहां के 10 हाईवे बंद हैं। उत्तराखंड में तेज आंधी और ओलावृष्टि के साथ हवाओं की गति 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिससे जनजीवन बाधित हुआ। वहीं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लगातार बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है।

उत्तर भारत के मौसम में सबसे तीखा बदलाव हुआ है।

उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मौसम पूरी तरह करवट ले चुका है। यहां हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि का खतरा भी बना हुआ है, जो विशेष रूप से रबी फसलों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में आज यानी 22 मार्च को भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। लक्ष्मी नगर, आनंद विहार, आईटीओ, राजघाट, इंडिया गेट, लाजपत नगर, कालकाजी, मयूर विहार में बारिश का अधिक प्रभाव दिख सकता है। वहीं, कल दिल्ली में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

# सिक्किम के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन का खतरा, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**सिक्किम।** सिक्किम के गंगटोक और पाक्योंग जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



### प्रशासन और जनता के लिए विशेष सावधानियां

राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्थानीय जनता को निम्नलिखित सावधानियों के प्रति जागरूक करें:

**निगरानी:** दिन और रात के दौरान अपने नजदीकी क्षेत्रों में गिर रही बर्फ और हिमस्खलन की गतिविधियों की जानकारी लेते रहें।

**आवागमन पर रोक:** हिमस्खलन की संभावना वाले क्षेत्रों में अति आवश्यक होने पर ही यात्रा करें, अन्यथा असुरक्षित क्षेत्रों में जाने से बचें।

**छतों की सुरक्षा:** बर्फबारी के दौरान अपने घरों, अस्थाई आवासों और गौशालाओं की छतों पर अधिक बर्फ जमा न होने दें, इसे नियमित रूप से साफ करते रहें ताकि छत गिरने का खतरा न रहे।

**स्थान परिवर्तन:** यदि कोई परिवार अस्थाई रूप से अधिक बर्फ वाले क्षेत्रों में निवास कर रहा है, तो वे अगले एक-दो दिन के लिए सुरक्षित निचले स्थानों पर चले जाएं।

**पुराने एवालॉन्च क्षेत्र:** जिन क्षेत्रों में पहले हिमस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशासनिक सतर्कता और समन्वय

इस गंभीर सूचना को मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव, और पुलिस महानिदेशक सहित सभी संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है। आईटीबीपी , बीआरओ और एसडीआरएफ को भी सतर्क रहने को कहा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके। सीमांत क्षेत्रों में पर्यटकों और ट्रेकर्स को भी उच्च हिमालयी क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है।

# 'भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता': पश्चिम एशिया संकट के बीच यूएई के राजदूत बोले- देश पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हमलों के बीच भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत के साथ अपने मजबूत रिश्ते का संदेश दिया है। भारत में यूएई के राजदूत अब्दुल नासिर अलशाली ने ईद के मौके पर एक खुला पत्र लिखकर भारत और यूएई के मजबूत रिश्तों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा तनाव और हमलों के बावजूद यूएई पूरी तरह सुरक्षित, स्थिर और सामान्य रूप से काम कर रहा है। उन्होंने भारतीय समुदाय को भरोसा दिलाया कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और सुरक्षा, सेवाएं व व्यापार बिना रुकावट जारी हैं।

अब्दुल नासिर अलशाली के इस संदेश के जरिए यूएई ने न सिर्फ अपनी तैयारियों का संकेत दिया, बल्कि भारत-यूएई साझेदारी की मजबूती और भरोसे को भी फिर से रेखांकित किया।



पत्र में राजदूत ने बताया कि ईरान ने यूएई पर 2000 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन से हमले किए, लेकिन ज्यादातर को देश की रक्षा प्रणाली ने रोक लिया। इसके बावजूद देश में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, संचार और खाने-पीने जैसी सभी जरूरी सेवाएं बिना किसी रुकावट के चल रही हैं। होटल, मॉल, पर्यटन स्थल और बैंकिंग व्यवस्था भी सामान्य रूप से काम कर रही है।

नासिर अलशाली ने कहा कि यूएई में रहने वाले 40 लाख से ज्यादा भारतीय पूरी सुरक्षा और विश्वास के साथ अपना जीवन जी रहे हैं। उनके अनुसार, यूएई ने ऐसी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनाई है, जो ऐसे मुश्किल समय में भी देश को स्थिर बनाए रखती है। राजदूत ने भारतीय कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि यूएई में व्यापार पूरी तरह चालू है। सप्लाई चेन, बंदरगाह और एयरपोर्ट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं, जो हर मुश्किल दौर में और मजबूत होते हैं।

बता दें कि भारत और यूएई के बीच व्यापार 100 अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है और यूएई-भारत उएढअ समझौता के तहत दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और मजबूत हो रहे हैं। इससे पहले 18 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से फोन पर बात की थी और हमलों की कड़ी निंदा करते हुए हॉर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही की जरूरत पर जोर दिया था।

### यूएई में रहने वाले भारतीयों को बताया अहम हिस्सा

उन्होंने यह भी कहा कि यूएई में रहने वाले भारतीय सिर्फ प्रवासी नहीं, बल्कि इस देश का अहम हिस्सा हैं। वे यहां काम करते हैं, परिवार बसाते हैं और देश के विकास में योगदान देते हैं। कई लोगों के लिए यूएई अब सिर्फ काम की जगह नहीं, बल्कि उनका घर बन चुका है। राजदूत ने बताया कि भारत सरकार भी इस पूरे समय में लगातार संपर्क में है और भारतीयों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# 3 अप्रैल नौसेना में शामिल होगा 'तारागिरी' युद्धपोत, 75 फीसदी स्वदेशी उपकरणों से तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना अपनी स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को 3 अप्रैल को विशाखापत्तनम में शामिल करने जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह कदम देश की नौसेना शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

'तारागिरी' प्रोजेक्ट 17ए श्रेणी का चौथा और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई द्वारा निर्मित तीसरा युद्धपोत है। इसे पिछले साल 28 नवंबर को नौसेना को सौंपा गया था। यह 6,670 टन वजनी फ्रिगेट 'मेक इन इंडिया' भावना और स्वदेशी इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, यह समारोह भारत की समुद्री संप्रभुता के लिए एक निर्णायक क्षण होगा। यह युद्धपोत नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता और स्वचालन में एक बड़ी छलांग दर्शाता है। इसमें संयुक्त डीजल या गैस प्रोपल्शन संयंत्र है, जो इसे उच्च गति और लंबी सहनशक्ति प्रदान करता है। 'तारागिरी' बहु-आयामी समुद्री अभियानों के लिए डिजाइन की गई है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है, जो 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देता है और हजारों भारतीय रोजगार पैदा करता है।



### अत्याधुनिक क्षमताएं

'तारागिरी' का हथियार सूट विश्व स्तरीय है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध सूट शामिल है। ये प्रणालियां अत्याधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से एकीकृत हैं। यह फ्रिगेट पिछले डिजाइनों की तुलना में बेहतर है, जिसमें कम रडार क्रॉस-सेक्शन इसे घातक स्टील्थ के साथ संचालित करने की अनुमति देता है।

अपनी युद्धक भूमिका के अलावा, 'तारागिरी' आधुनिक कूटनीति और मानवीय संकटों के लिए भी तैयार की गई है। इसका लचीला मिशन प्रोफाइल इसे उच्च-तीव्रता वाले युद्ध से लेकर मानवीय सहायता और आपदा राहत तक हर चीज के लिए आदर्श बनाता है। यह 'आत्मनिर्भर' बल के रूप में भारतीय नौसेना की वृद्धि में योगदान देती है। 'तारागिरी' एक विकसित और समृद्ध भारत के लिए समुद्री सीमाओं की रक्षा करने के लिए तैयार है।

# डॉक्टर की हत्या करने वाले हैवान को मरते दम तक जेल, 30 साल की सजा के बाद शुरू होगी उम्रकैद

**केरल।** डॉक्टर वंदना दास की नृशंस हत्या के मामले में केरल कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोल्लम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी जी. संदीप को उम्रकैद की सजा सुनाई। फैसले की खास बात यह है कि संदीप को पहले अन्य अपराधों के लिए 30 साल की सजा काटनी होगी। इसके बाद ही उम्रकैद की सजा शुरू होगी।



### क्या है पूरा मामला?

यह घटना वर्ष 2023 की है। वंदना दास की हत्या ने केरल ही नहीं बल्कि पूरे भारत के डॉक्टरों को झकझोर कर रख दिया था। पेशे से शिक्षक जी. संदीप को पुलिस इलाज के लिए कोट्टारक्कारा के तालुक अस्पताल ले गई थी। संदीप ने खुद ही 112 नंबर पर कॉल कर अपनी जान को खतरा बताया था। जब पुलिस उसे घायल अवस्था में अस्पताल लाई, तो वहां अचानक वह हिंसक हो गया।

संदीप ने ड्रेसिंग रूम के मेज पर रखे सर्जिकल कैंची को हथियार बनाया और अंधाधुंध हमला शुरू कर दिया। उसने सबसे पहले साथ आए पुलिसकर्मियों पर हमला किया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात युवा डॉक्टर वंदना दास भाग नहीं सकीं। संदीप ने उन पर कैंची से कई वार किए। बुरी तरह घायल वंदना को तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वो मौत को मात नहीं दे पाई।

अदालत में कही गई खास बातें

विशेष लोक अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल ने कहा कि कोर्ट ने संदीप को हत्या, साक्ष्य मिटाने और गलत तरीके से रोकने जैसी आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी पाया है। इसके साथ ही, उसे 'केरल स्वास्थ्य सेवा व्यक्ति और स्वास्थ्य सेवा संस्थान अधिनियम 2012' के तहत भी दोषी करार दिया गया है।

न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सजा इतनी कठोर हो कि समाज में एक संदेश जाए। अदालत के आदेश के अनुसार, संदीप को पहले 30 साल जेल काटनी होगी। यह सजा उसके पहले के अपराधों के लिए होगा। इसके बाद उसकी वास्तविक उम्रकैद की सजा शुरू होगी।

### एक होनहार जीवन का असमय अंत

डॉक्टर वंदना दास कोट्टायम जिले के कडुथुरुथी की रहने वाली थीं। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थीं। डॉक्टर वंदना अजीजिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हाउस सर्जन के साथ ट्रेनिंग के दौरान तालुक अस्पताल में सेवा दे रही थीं। उनकी मौत के बाद केरल में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे।

# तेल की तपिश: क्या भारत में बंद हो जाएंगी फैक्ट्रियां? कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकार को किया आगाह

**नई दिल्ली।** ईरान-इस्राइल के बीच छिड़ी जंग अब केवल सरहदों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने आम आदमी की जेब और देश की अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला बोल दिया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वैश्विक तेल संकट पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर हालात जल्द नहीं सुधरे, तो भारतीय उद्योगों में तालाबंदी की नौबत आ सकती है। अब सवाल उठता है कि क्या सच में भारत में फैक्ट्रियां बंद हो जाएंगी?



### रॉकेट की रफ्तार से बढ़ते दाम

सांसद थरूर ने बताया कि युद्ध की वजह से तेल के उत्पादन, निर्यात और सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा गई है। जो कच्चा तेल कुछ समय पहले तक 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वह अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छू रहा है। थरूर ने कहा कि सप्लाई बढ़ाने के लिए रूस और ईरान पर लगे प्रतिबंधों में कुछ ढील दी गई है, लेकिन यह 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान है।

### भारत के लिए 'होर्मुज जलडमरूमध्य' बना बड़ी चुनौती

दुनिया के सबसे बड़े तेल उपभोक्ताओं में से एक होने के नाते भारत के सामने दोहरी मुसीबत है। शशि थरूर ने कहा कि भारत हर संभव स्रोत से तेल खरीदने की कोशिश कर रहा है, लेकिन 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' और कतर के रास्तों पर तनाव बढ़ने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में है।

बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वह समुद्री रास्ता है जहां से दुनिया का एक-तिहाई कच्चा तेल गुजरता है। यहां जरा सी भी हलचल भारत के पेट्रोल पंपों पर कीमतों में आग लगा देती है।

### बंद हो सकती हैं फैक्ट्रियां!

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बढ़ते ईंधन और गैस के दामों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। ट्रांसपोर्टेशन महंगा होने से न केवल महंगाई बढ़ रही है, बल्कि भारी उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर भी बोझ बढ़ गया है। थरूर ने अंदेशा जताया कि यदि लागत इसी तरह बढ़ती रही, तो देश की कई बड़ी फैक्ट्रियों में उत्पादन बंद करना पड़ सकता है, जिसका सीधा असर रोजगार और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

> **युद्ध की वजह से तेल के उत्पादन, निर्यात और सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा गई है। जो कच्चा तेल कुछ समय पहले तक 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वह अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छू रहा है।**

# कमजोर होते रुपये और फ्यूल की कीमत पर राहुल ने जताई चिंता, कहा- हर जेब पर महंगाई का असर पड़ना तय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारत का रुपया रिकॉर्ड स्तर पर नीचे जा चुका है। कमजोर होते जा रहे रुपये में लगातार हो रही गिरावट को लेकर राहुल गांधी ने चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में वैश्विक ताकतों के टकराव से उपजे तनाव के कारण महंगाई को लेकर आगाह करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर विस्तार से पोस्ट लिखा। उन्होंने कहा, सरकार भले ही हालात सामान्य होने का दावा करे, लेकिन सच्चाई कुछ और है। उन्होंने उद्योग जगत में इस्तेमाल किए जाने वाले ईंधन के महंगे होने का जिक्र करते हुए लिखा कि ये महज आंकड़े नहीं आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।

### राहुल गांधी ने किन मुद्दों पर सरकार को घेरा?

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में भी उछाल की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जाने का जिक्र कर लिखा, 'उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे।'



### शेयर बाजार पर भी असर पड़ेगा

राहुल गांधी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) पर सर्वाधिक असर पड़ने की बात भी कही। उन्होंने लिखा, 'MSMEs को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे।' आने वाले दिनों में शेयर बाजार पर असर पड़ने का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने विदेशी संस्थागत निवेशकों का भी उल्लेख किया। राहुल ने कहा कि एफआईआई का पैसा तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा।



# भारत में फिर बढ़ेगा रूसी तेल का आयात, इराक बना सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता; कहां जाएंगे क्रूड के दाम?

**नई दिल्ली।** भारत के तेल आयात में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में रूस को पीछे छोड़ते हुए इराक भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च में रूस फिर से पहले स्थान पर आ सकता है। फरवरी में रूस से तेल आयात में 32 फीसद की गिरावट आई। आयात घटकर करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया।

वहीं इराक से आयात बढ़कर 11.8 लाख बैरल प्रति दिन पहुंच गया। सऊदी अरब से भी आयात बढ़कर करीब 9.98 लाख बैरल प्रति दिन हो गया। इस दौरान भारत के कुल तेल आयात में मध्य पूर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 59 फीसद हो गई। फरवरी में ब्राजील भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बनकर उभरा। वैश्विक तनाव और सप्लाई में बदलाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की रणनीति अपना रहा है। इसमें रूस की भूमिका फिर से मजबूत होती दिख रही है।



### क्यों बढ़ रहा है रूसी तेल का आयात

पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलसंधि में बाधा के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके बाद भारत फिर से रूस से ज्यादा तेल खरीदने लगा है। मार्च में रूस से तेल आयात बढ़कर 18 से 22 लाख बैरल प्रति दिन तक पहुंच सकता है। इसके पीछे अमेरिकी फैसले की भी अहम भूमिका है। अमेरिका ने 6 मार्च को भारत के लिए रूसी तेल पर कुछ प्रतिबंधों में छूट दी। इससे आयात बढ़ने में मदद मिली।

### 180 डॉलर के पार पहुंच सकता है क्रूड

सऊदी अरब के अधिकारियों का अनुमान है कि अगर ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई ऊर्जा संकट की स्थिति अप्रैल के अंत तक जारी रहती है, तो कच्चे तेल की कीमत 180 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध की वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। खासतौर पर मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब के ये अनुमान रियाद में बढ़ती चिंता को उजागर करते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि सस्ती कीमत और स्थिर सप्लाई के कारण रूस भारत की तेल आयात रणनीति में अब भी महत्वपूर्ण बना हुआ है।

### एक फीसदी टूटा तेल

शुक्रवार को तेल की कीमतें एक फीसद से ज्यादा गिर गईं, क्योंकि अमेरिका ने तेल सप्लाई संकट को संभालने के लिए कदम उठाए। प्रमुख यूरोपीय देशों, जापान और कनाडा ने होर्मुज जलसंधि से जहाजों के सुरक्षित गुजरने को सुनिश्चित करने के प्रयासों में शामिल होने की पेशकश की। इसके बाद मई के लिए ब्रेंट क्रूड वायदा 1.58 डॉलर या 1.45 फीसदी गिरकर 107.07 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया।

### युद्ध जारी रहा तो क्या होगा?

ईरान, इस्राइल और अमेरिका से जुड़े इस संघर्ष ने खाड़ी क्षेत्र में प्रमुख ऊर्जा बुनियादी ढांचे को पहले ही बाधित कर दिया है। अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है। पेट्रोल-डीजल महंगे हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हालात जल्द नहीं सुधरे तो इसका असर सिर्फ तेल बाजार तक सीमित ही नहीं रहेगा, बल्कि महंगाई और आर्थिक विकास पर भी पड़ेगा।

**आयात निर्भरता:** भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85% से 88% हिस्सा विदेशों से आयात करता है। **आयात की मात्रा:** वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 232.5 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया। **दैनिक खपत:** भारत की दैनिक कच्चे तेल की खपत लगभग 55 लाख बैरल है। मुख्य आपूर्तिकर्ता देश: भारत मुख्य रूप से रूस (लगभग 37-40%), इराक (21%), सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से तेल खरीदता है।

## बांग्लादेश के विदेश मंत्री अगले महीने भारत आएंगे, रिश्तों में नई गर्माहट और सहयोग की शुरूआत

**नई दिल्ली।** अंतरिम सरकार के दौरान बिगड़े भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय रिश्ते वापस पटरी पर लौटने के आसार हैं। बांग्लादेश की नवनिर्वाचित तारिक रहमान सरकार के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान अगले महीने के पहले हफ्ते भारत आएंगे। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर की भारत स्थित बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह की मुलाकात के बाद ये जानकारी सामने आई है। गौरतलब है कि बीते साल के अंतिम दिन पूर्व पीएम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने बांग्लादेश गए जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष को भारत आने का न्योता दिया था। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह मुलाकात आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। सूत्रों के मुताबिक विदेश मंत्री रहमान 8 अप्रैल को हिंद महासागर सम्मेलन में शिरकत करने के क्रम में दिल्ली होते हुए मॉरीशस जाएंगे। इससे पूर्व भारत ने बांग्लादेश में नई सरकार के गठन का स्वागत किया था और प्रधानमंत्री मोदी ने तब बीएनपी के मुखिया और वर्तमान पीएम तारिक रहमान को फोन कर बधाई दी थी। बाद में उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने बांग्लादेश गए लोकसभा स्पीकर ने पीएम रहमान को मोदी का पत्र सौंपा था, जिसमें उन्हें भारत आने का न्योता दिया गया था।

22 Mar -26 page 3 21-03-26 10:16 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# महानगर की नई टीम के सियासी खिलाड़ियों के सामने 2027 का चुनावी चैलेंज

## ऑलराउंडर कप्तान की कप्तानी में करेंगे किस तरह से चुनौतियों को मैनेज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर की टीम घोषित हो गई है और सभी खिलाड़ी अब उत्साह से परिपूर्ण है। स्वागत का दौर चल रहा है और परिचय वाली औपचारिक बैठक हो चुकी है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि टीम के सभी खिलाड़ी बेहतर हैं और कप्तान भी अपने आप में आलराउंडर है। लेकिन इस टीम के सामने एक बड़ी चुनौती वर्ष 2027 का चुनाव है। संगठन के गठन के दौरान ही ये स्पष्ट कर दिया गया था कि इस समय जो टीम गठित हो रही है, जो मंडल गठित हो रहे हैं और जो बूथ अध्यक्ष बन रहे हैं ये सब भाजपा की 2027 चुनावी रणनीति का हिस्सा हैं। ये सभी चेहरे एक तरीके से चुनावी योद्धा हैं। महानगर की टीम फ्रंट पर रहती है और इस टीम के सामने सियासी रूप से बड़ी चुनौती 2027 का चुनाव है। संगठन की सामरिक नीति देखें तो उनके पास आयाम हैं, सम्मेलन हैं और यहां भाजपा का कारवां अपने फ्रंटल संगठनों के साथ एक रणनीति से चल रहा है। भाजपा के अनुशांगिक संगठन माहौल बनाकर चल रहे हैं। लेकिन चुनाव तो संगठन को कराना है और ऐसे में जो टीम आई है। उस टीम के सभी चेहरों पर सभी की निगाहें हैं। क्योंकि एक चुनौती यहां कई मुद्दों को लेकर रहेगी और संगठन मैदान में रहेगा।

अब जब टीम घोषित हो चुकी है तो यहां कप्तान के रूप में मयंक गोयल को कुछ चेहरे अनुभवी मिले हैं और कुछ चेहरे नए हैं लेकिन ऊर्जा से परिपूर्ण है। उपाध्यक्ष की बात करें तो यहां बॉबी त्यागी अनुभवी पदाधिकारी हैं। संगठन के इस पद का दायित्व पहले रहा है और चुनाव लड़ाने का अनुभव है। रनीता सिंह को लगातार दूसरी बार संगठन में ये दायित्व मिला है। मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता हैं। दिये गये दिशा निर्देश के फ्रेमवर्क में काम करती हैं। महानगर की टीम में विनोद कसाना पार्षद रहे हैं लेकिन महानगर की टीम में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी पहली बार है। उनके सामने यहां एक चुनौती रहेगी। हालांकि मेहनती कार्यकर्ताओं में गिनती होती है और समर्पण के साथ काम करते हैं। अनुभवी चेहरों की बात करें तो राजन आर्या बाल्मीकि महानगर उपाध्यक्ष बने हैं। अनुव की बात करें तो वो महामंत्री का अनुभव भी रखते हैं और मंडल अध्यक्ष का अनुभव भी रखते हैं और अब महानगर उपाध्यक्ष की पारी खेलेंगे। अनुभवी नेताओं में भानू सिसौदिया का भी नाम है। वो पूर्व विधायक स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह सिसौदिया के सुपुत्र हैं। राजनीति की पिच पर लंबे समय से पारी खेल रहे हैं और भाजपा की राजनीति का ठाकुर चेहरा हैं। उपाध्यक्ष वाली बात करें तो भाजपा युवा मोर्चा के सचिन डेढ़ा अब मेन टीम में है और उपाध्यक्ष हैं। मेन टीम में काम करने का उनका पहला अनुभव है। अनुभवी चेहरों प्रदीप चौहान बाल्मीकि का चेहरा भाजपा के मूल कार्यकर्ता का चेहरा है। नगर निगम से पार्षद रहे हैं। भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री रहे हैं। नामित पार्षद रहे हैं और एक लंबा पोलिटिक्ल ट्रेक रिकार्ड है। चुनावी पिच पर कितनी जबरदस्त बेटिंग करेंगे, ये अब देखा जायेगा। हालांकि उन्हें कई चुनाव लड़ाने का अनुभव है। संगठन का अनुभव है। इस चेहरे से संगठन को उम्मीदें हैं। संगठन की बात करें तो यहां भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज ने सफलता हासिल की है वो महामंत्री बने हैं। नए विजन के साथ, नई थीम के साथ और टीम के साथ काम करने का जज्बा रखते हैं। ये चेहरा भी चुनावी रण में माईलेज देने की क्षमता रखता है। महामंत्री वाली सीन में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष रहे गौरव चौपड़ा को अनुभवी नेता माना जा सकता है।

युवा हैं, ऊर्जावान हैं और संगठन वाली रणनीति पर चलने की क्षमता है। यहां उनको अब मौका मिला है और पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए वो अगर तेवर से ज्यादा पार्टी के फेवर की सोच के साथ काम करेंगे तो संगठन के लिए उपयोगी रहेंगे। महानगर मंत्री वाली लिस्ट में प्रीति चंद्रा राय अनुभवी चेहरा हैं। सक्रिय राजनीति का चेहरा है और जब अब उन्हें संगठन में काम करने का मौका मिला है तो वो खुद को साबित करेंगी। कोषाध्यक्ष के पद पर नवनीत मित्तल की नई नियुक्ति है। महानगर कोषाध्यक्ष के पास कई जिम्मेदारियां होती हैं और इन जिम्मेदारियों की व्यवस्था को नवनीत मित्तल जितनी सुगमता के साथ पूरा करेंगे। उतना ही फ्लैक्सिबल उनका कार्यकाल होगा। मीडिया की बात करें तो यहां पूर्व पार्षद साक्षी नारंग को भी स्थान मिला है। पार्षद के बाद उनकी यह संगठन वाली पारी है और यहां मीडिया का काम उन्हें देखना है।

27 चेहरों की टीम में और भी कई चेहरे हैं जिनमें उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव हैं, अमित रंजन है, मंत्री प्रमिला रावत है, ललित कश्यप हैं, अनीता शर्मा हैं, राम त्यागी हैं, आशीष चौधरी हैं, ऊषा चौधरी हैं तो ये चेहरे भी अब खुद को साबित करेंगे। संगठन ने मौका दिया है और अब इनकी बारी हैं।

### लेडी ठाकुर फेस से ही रिप्लेस होगा मंत्री वाला पद

करंट क्राइम। संगठन वाली टीम घोषित हो गई और बाद में पता चला कि किसी चेहरे पर डबल कृपा हो गई। संगठन वाले भी मेहरबान और सरकारी कृपा का भी बादल बरसा। बहरहाल अब वो नामित पार्षद वाली जिम्मेदारी संभालेंगी और संगठन में महानगर मंत्री का एक पद रिक्त हो गया है। ऐसे में ज्योति चौहान को कौन रिप्लेस करेगा, ये देखने की बात है। हालांकि यहां सूत्र बता रहे हैं कि लेडी ठाकुर फेस को लेडी ठाकुर फेस से ही रिप्लेस किया जायेगा। यानी यहां भाजपा का ही महिला ठाकुर चेहरा आयेगा। इस चेहरे को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिलहाल जब तक नाम घोषित नहीं होता तब तक कयास ही लगाये जा सकते हैं।

### सियासत के ऑल राउंडर खिलाड़ी हैं कप्तान मयंक गोयल



करंट क्राइम। मयंक गोयल महानगर टीम के कप्तान हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी यही रही है कि उन्होंने पुरानी टीम के खिलाड़ियों के साथ एक साल का कार्यकाल पूरा किया। ये एक ऑल राउंडर कप्तान की पहचान है कि उन्होंने पुराने खिलाड़ियों को साथ खुद को साबित कर दिया। उनके नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली और प्रदेश संगठन ने इस यात्रा की प्रशंसा की और इसे यूपी में रोल मॉडल करार कर दिया। सम्मेलन की श्रृखंला सफलतापूर्वक आयोजित की। कई आयामों को पूरा किया। यहां पर कप्तान मयंक गोयल की सबसे बड़ी खूबी ये है कि संगठन वाला अनुभव उन्हें ताकत दे रहा है। वो सोशल मीडिया कैम्पेन को बेहतर जानते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में वो कई दायित्वों पर रहे हैं तो उन्हें पता है कि चुनावी टूर्नामेंट में किस तरह से खेला जायेगा। खुद शानदार वक्ता हैं, मेहनती कार्यकर्ता हैं और वो एक ऐसे कप्तान हैं जो जानते हैं कि किसकी क्या क्षमता है और किसको कहां लगाना है।

# यशोदा मेडिसिटी ने 'मायलोमा उत्सव : लिविंग स्ट्रॉन्गर विद मायलोमा' का आयोजन कर मरीजों के सहयोग और जागरूकता को बढ़ावा

## मल्टीपल मायलोमा मरीजों की जरूरतों को समझने और सहारा देने पर केंद्रित पहल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख अस्पतालों में से एक, यशोदा मेडिसिटी ने 'मायलोमा उत्सव : लिविंग स्ट्रॉन्गर विद मायलोमा' का आयोजन किया। यह विशेष सपोर्ट ग्रुप मीट मरीजों और उनके केयरगिवर्स को जागरूक करने, अनुभव साझा करने और समग्र देखभाल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया। यशोदा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (एडल्ट एवं पीडियाट्रिक) विभाग के नेतृत्व में यह पहल अस्पताल की मरीज-केंद्रित और समग्र देखभाल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस कार्यक्रम में मल्टीपल मायलोमा मरीज, सर्वाइवर्स, उनके परिवार और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स एकत्र हुए, जिससे अनुभव साझा करने और ज्ञान बढ़ाने का एक सकारात्मक मंच तैयार हुआ। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आध्यात्मिक वेलनेस सत्र के माध्यम से मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर जोर दिया, वहीं डॉ. रबिन्द्र मोहन आचार्य ने योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए, जिससे दीर्घकालिक बीमारी के प्रबंधन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया।

मल्टीपल मायलोमा मरीजों और उनके परिवारों पर भावनात्मक और मानसिक रूप से भारी प्रभाव डालता है और अक्सर इससे जुड़े अनिश्चितताओं और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, 'मायलोमा उत्सव' ने मरीजों में मजबूती और जुड़ाव पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव चर्चा और अनुभव साझा करने के सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को न केवल व्यावहारिक जानकारी मिली, बल्कि उन्होंने सहायक नेटवर्क बनाने और दूसरों से सीखने का अवसर भी पाया।

डॉ. पी. एन. अरोड़ा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा, 'यशोदा मेडिसिटी में हम कैंसर देखभाल को सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं रखते, बल्कि मरीजों की पूरी यात्रा में उनके साथ खड़े रहते हैं। 'मायलोमा उत्सव' हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें हम ऐसे मंच तैयार करते हैं जो मरीजों को सशक्त बनाएं, साझा सीख को बढ़ावा दें और दीर्घकालिक देखभाल के लिए मजबूत सहयोग प्रणाली तैयार करें।'

डॉ. उपासना अरोड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा, 'मायलोमा उत्सव' मरीजों के लिए बेहतर और केंद्रित देखभाल की दिशा में हमारा एक कदम है। गाइडेंस, सपोर्टिव सेशंस और इंटरैक्शंस के माध्यम से हमारा प्रयास है कि मरीज और उनके केयरगिवर्स अपनी स्थिति को बेहतर समझें और अपनी इस जर्नी को अधिक विश्वास के साथ आगे बढ़ा सकें।

डॉ. निवेदिता धींगरा, डायरेक्टर एवं हेड हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट ने कहा, मल्टीपल मायलोमा का इलाज और देखभाल एक्सपर्ट टीम के साथ और मरीज को ध्यान में रखकर किया जाता है। 'मायलोमा उत्सव' जैसे सपोर्ट ग्रुप कार्यक्रम के माध्यम से हम जानकारी की कमी को दूर करने और अनुभवों के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मंच मरीजों और उनके केयरगिवर्स को बीमारी को बेहतर समझने और अपने इलाज में सक्रिय रूप से शामिल होने में मदद करते हैं।

यह पहल यशोदा मेडिसिटी की उस सोच को दर्शाती है, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली क्लिनिकल देखभाल के साथ-साथ संवेदनशील और सहयोगपूर्ण मरीज समर्थन के माध्यम से मल्टीपल मायलोमा मरीजों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने पर जोर दिया जाता है।

# राम अवतार जिंदल का लोहा मंडी में हुआ स्वागत सम्मान

## रामअवतार जिंदल का व्यापार प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष पर चयन होना गौरव की बात : अतुल जैन





### पिलखुवा नगर पालिका के चेयरमैन विभु बंसल और भाजपा के वरिष्ठ नेता जीडीए के बोर्ड मेंबर पवन गोयल का भी स्वागत सम्मान किया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के सभागार में राम अवतार जिंदल का सुहेलदेव समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर माल्यार्पण करके स्वागत सम्मान किया गया। डॉ अतुल कुमार जैन अध्यक्ष गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षाविद और जिंदल पब्लिक स्कूल ग्रुप के चेयरमैन राम अवतार जिंदल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में व्यापारी हित में कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर पधारने के लिए पिलखुवा नगर पालिका के चेयरमैन विभु बंसल का भी स्वागत सम्मान किया गया और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के बोर्ड मेंबर पवन गोयल का भी स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से अतुल कुमार जैन, अंबरीश जैन, दीपक सिंघल, सुबोध, गुप्ता, अनुराग अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे और वरिष्ठ समाजसेवी अनिल गर्ग विजय सेनेटरी, उमेश गोयल, दिनेश अग्रवाल, इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# राजनीति गरम, लेकिन बैठक ठंडी—नगर निगम में तारीख का इंतजार

## नगर निगम बैठक के आसार धुंधले, नामित पार्षदों की शपथ भी अधर में




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं बन पाई है। हाउस टैक्स जैसे अहम मुद्दे पर पहले पार्षदों की ओर से बैठक बुलाने को लेकर जो जोर-शोर दिख रहा था, अब वह धीरे-धीरे शांत होता नजर आ रहा है। नगर निगम के सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम प्रशासन अभी तक बैठक की तारीख तय करने की स्थिति में नहीं है। वहीं दूसरी ओर महापौर लगातार जनहित के मुद्दों को उठा रही हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से इस मामले में कोई ठोस जवाब सामने नहीं आ रहा है। एक और अहम पहलू यह है कि हाल ही में बनाए गए 10 नामित पार्षदों को अब तक गोपनीयता की शपथ नहीं दिलाई गई है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम कब होगा, इस पर भी कोई योजना तय नहीं की गई है।बताया जा रहा है कि वर्तमान में चल रहे नवरात्र के चलते नगर निगम किसी भी बड़े कार्यक्रम या बैठक से फिलहाल दूरी बनाए हुए है। इसी वजह से शपथ ग्रहण और बोर्ड बैठक दोनों ही टलते दिखाई दे रहे हैं।उधर, संगठनात्मक स्तर पर भारतीय जनता पार्टी की नई टीम के गठन के बाद आने वाले दिनों में नई रणनीतियां और गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।इस बीच नगर निगम में एक नए विवाद ने भी राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है, जिससे आने वाले समय में और खींचतान की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पिछली हाउस टैक्स बैठक में कई पार्षदों ने समय पर बोर्ड बैठक न होने और विकास कार्यों में देरी को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। बावजूद इसके, अभी तक अगली बैठक की तारीख तय न होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

# ईद पर हाई अलर्ट के बीच हिंदूवादी संगठनों का हंगामा

## भोजपुर में हुई कार्रवाई तो शहरभर में कई नेता रहे हाउस अरेस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में ईद के मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने पूरे जिले में सख्त कदम उठाए। भोजपुर थानाक्षेत्र से लेकर शहर के कई प्रमुख इलाकों तक पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए दर्जनों हिंदूवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया, जबकि बजरंग दल के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ संगठनों द्वारा ईद के दिन हनुमान चालीसा पाठ, मंदिरों में विशेष पूजा और ईदगाह के आसपास कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई थी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में किसी भी तरह का तनाव न बढ़े, इसे देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर था। उधर भोजपुर क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में शनिवार सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ता हनुमान चालीसा पाठ के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें गांव के बाहर ही रोक दिया। गांव में मस्जिद और मंदिर पास-पास होने के कारण स्थिति को संवेदनशील मानते हुए किसी को भी आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली।



### कई थानाक्षेत्रों में नेता रहे हाउस अरेस्ट

करंट क्राइम : वहीं, शहर के अन्य इलाकों–इंदिरापुरम, कविनगर, घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट, मसूरी, क्रॉसिंग रिपब्लिक और विजयनगर समेत कई स्थानों पर भी हिंदूवादी संगठनों के प्रमुख नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद रखा गया। पुलिस की यह कार्रवाई पूरी तरह एहतियातन बताई जा रही है। इस मामले में एक स्थानीय नेता शुभम शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले ही कार्यक्रम की जानकारी दी थी, इसके बावजूद उनके कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया। उनका कहना है कि पुलिस एक पक्ष विशेष के साथ सख्ती कर रही है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई है और किसी को भी बिना अनुमति सार्वजनिक या धार्मिक कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसीपी मोदी नगर भास्कर वर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना है और किसी भी कीमत पर माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पूरे जिले में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

# गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिहार से राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय पर गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से चर्चा की।

## संपादकीय

# 'स्टडी इन इंडिया' मिशन

हर साल बड़ी संख्या में भारतीय युवा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान सुविधाओं और करियर के अवसरों की तलाश में विदेश जाते हैं। अब ह्यस्टडी इन इंडियाह्न पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2,00,000 विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का केंद्र सरकार का लक्ष्य यह संकेत है कि भारत को केवल प्रतिभाओं के आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास हो रहा है। हाल के कई रुझान इस महत्त्वाकांक्षा को सार्थक बनाते हैं। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या 2023 में 9,00,000 से अधिक से घटकर वर्ष 2025 में लगभग 6,25,000 रह गई है। इसके कई कारण हैं। प्रमुख गंतव्य देशों, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है। वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है और अध्ययन के बाद रोजगार के रास्ते कम निश्चित हो गए हैं। कई छात्रों और परिवारों के लिए विदेशी शिक्षा पर निवेश का लाभ अब कुछ साल पहले की तुलना में कम निश्चित लगता है।

भारत इस व्यवधान को अवसर में बदलने की कोशिश कर रहा है। लगभग 19 विदेशी विश्वविद्यालय देश में अपने परिसर स्थापित करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि एक नीतिगत ढांचा अब अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को भारत में या गिफ्ट सिटी जैसे विशेष क्षेत्रों में संचालित करने की अनुमति देता है। इसका तर्क सीधा है। यदि वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में डिग्री प्रदान कर सकते हैं, तो छात्र विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

साथ ही, भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसर एशिया, अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। वैश्विक विश्वविद्यालयों के लिए आकर्षण स्पष्ट है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है और तृतीयक स्तर पर नामांकन आज के लगभग 5.3 करोड़ से बढ़कर 2035 तक 7 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। इसके विपरीत, जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अपने परिसरों में नामांकन स्थिर बना हुआ है। ऐसे संकेत भी हैं कि भारत की अपनी उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान मिल रही है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है।

यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति और इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस योजना जैसी पहलों के तहत बुनियादी ढांचे, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में किए गए निवेश को दशार्ता है। फिर भी, मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। हर साल, उपलब्ध सीटों की संख्या की तुलना में कहीं अधिक विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, जो क्षमता की निरंतर कमी का संकेत देता है। भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां जनसांख्यिकीय लाभ और तकनीकी बदलाव एक दूसरे के साथ मिल सकते हैं।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 93.53 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर, एक ही दिन में 64 पैसे टूटा




**नई दिल्ली।** शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 64 पैसे टूटकर 93.53 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी कोषों की लगातार निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव देखा गया। भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे रुपये में यह बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.92 पर खुला और जल्द ही पहली बार 93 के स्तर को पार कर गया। पूरे सत्र के दौरान इसमें गिरावट जारी रही और अंततः यह पिछले बंद भाव से 64 पैसे गिरकर 93.53 पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 49 पैसे गिरकर 92.89 के अपने पिछले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। गुरुवार को गुड़ी पड़वा के कारण विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति निवेशकों की धारणा को कमजोर कर रही है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के ₹दोहरे झटके₹ से भारतीय रुपये में गिरावट आई है। परमार ने यह भी बताया कि भू-राजनीतिक अस्थिरता अल्पकालिक धारणा के लिए एक प्रमुख कारक बनी हुई है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की ताकत मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.37 फीसदी बढ़कर 99.60 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 108.62 डॉलर प्रति बैरल पर था। इन सभी कारकों ने रुपये पर भारी दबाव डाला।

रुपये में गिरावट के प्रमुख कारण क्या हैं?

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि ईरान संघर्ष के तीसरे सप्ताह ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं। ईरान और ओमान के बीच स्थित ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य के बड़े पैमाने पर बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि देखी जा रही है। इससे व्यापक मुद्रास्फीति का डर पैदा हो रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। इन वैश्विक कारकों का सीधा असर भारतीय रुपये पर पड़ रहा है।

# 'हमारे पास कोई अतिरिक्त तेल नहीं', क्रूड पर अमेरिका की छूट के बाद ईरान की दो टूक; बाजार में अनिश्चितता



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के चौथे सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल मची है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति की चिंताओं के बीच अमेरिका ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी है। हालांकि, ईरान ने यह कहकर बाजार को चौंका दिया है कि उसके पास अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए कोई अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध नहीं है, जो कंटेनर पर लोड हो चुका हो।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने के लिए यह राहत दी है। यह छूट उन जहाजों पर लागू होगी जिन पर 20 मार्च 2026 तक कच्चा तेल लोड हो चुका है। यह 19 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी और अमेरिका में ईरानी तेल आयात को भी मंजूरी देगी। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के अनुसार, इसका मुख्य उद्देश्य आपूर्ति के दबाव को कम करना है।

अमेरिका का अनुमान था कि इस छूट से करीब 14 करोड़ बैरल कच्चा तेल तुरंत बाजार में आएगा। बेसेंट ने दावा किया कि चीन सस्ते में प्रतिबंधित ईरानी तेल जमा कर रहा है। ट्रंप प्रशासन होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान कम करने के लिए 44 करोड़ अतिरिक्त बैरल तेल लाने की कोशिश कर रहा है।

ईरान के तेल मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम का कड़ा खंडन किया है। मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने अतिरिक्त तेल उपलब्ध न होने की बात स्पष्ट की। ईरान ने अमेरिकी ट्रेजरी सचिव की टिप्पणियों को केवल खरीदारों को आश्वस्त करने का हथकंडा बताया।

**अमेरिका की ओर से प्रतिबंधों में ढील का क्या कारण है? :** अमेरिका ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने के लिए प्रतिबंधों में अस्थायी राहत दी है। यह छूट 20 मार्च 2026 तक लोड हुए तेल वाले जहाजों पर लागू होगी। यह 19 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी। अमेरिका में ईरानी कच्चे तेल और उत्पादों के आयात को भी मंजूरी मिली है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने आपूर्ति दबाव कम करना मुख्य उद्देश्य बताया। अमेरिका का अनुमान था कि इससे करीब 14 करोड़ बैरल तेल तुरंत बाजार में आएगा।

**ईरान का क्या रुख है और बाजार पर इसका क्या असर पड़ रहा? :** ईरान के तेल मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम का कड़ा खंडन किया है। मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने अतिरिक्त तेल उपलब्ध न होने की बात कही। ईरान ने अमेरिकी टिप्पणियों को केवल खरीदारों को आश्वस्त करने का प्रयास बताया। ईरान के इस इनकार से कच्चे तेल का बाजार और अधिक डगमगा सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।

# भारत के आठ शहरों में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्टॉक आधा अरब वर्ग फुट के पार



**नई दिल्ली।** नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि भारत के आठ प्रमुख बाजारों में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग का स्टॉक आधा अरब वर्ग फुट को पार कर गया है। 31 दिसंबर, 2025 तक यह स्टॉक 0.549 अरब वर्ग फुट (549 करोड़ वर्ग फुट) दर्ज किया गया है। यह 2024 के 486 करोड़ वर्ग फुट से 13 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है।

**नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के आंकड़े क्या कह रहे? :** आठ शहरों में स्थापित वेयरहाउसिंग पार्कों में 256 करोड़ वर्ग फुट की संभावित जगह उपलब्ध है। यह 2025 में दर्ज वार्षिक लेनदेन मात्रा से तीन गुना अधिक है। यह निकट भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान करता है। मुंबई कुल स्टॉक का 31 फीसदी हिस्से के साथ औद्योगिक और वेयरहाउसिंग बाजार में अग्रणी है।

2025 में मुंबई का स्टॉक 170 करोड़ वर्ग फुट रहा, जो 2024 के 151 करोड़ वर्ग फुट से 12.5 फीसदी बढ़ा है। मुंबई अपने बड़े उपभोग आधार, बंदरगाह-नेतृत्व व्यापार और व्यापक लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे के कारण महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, एफएमसीजी और खुदरा क्षेत्र से मांग बनी हुई है। भिवंडी और पनवेल क्लस्टर शहर के वेयरहाउसिंग इकोसिस्टम की रीढ़ हैं।

**दिल्ली और आसपास के इलाकों की क्या स्थिति है? :** दिल्ली-एनसीआर में स्थिति भारत के आठ प्राथमिक बाजारों में कुल औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्टॉक में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

# वैश्विक न्यूट्रा क्रांति में सितारा बनकर उभरा भारत

## निर्यात और आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग बढ़ी



**शिकागो।** वैश्विक बाजार भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारी उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं। इस अस्थिरता के बीच भारत वैश्विक व्यापार के केंद्र में मजबूती से उभरा है। हाल ही में यूरोप के साथ हुआ अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता, जिसे मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स कहा जा रहा है, मुक्त व्यापार के नए रास्ते खोल रहा है। इसके साथ ही, अमेरिका-भारत के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने टैरिफ संबंधी बाधाओं को कम कर दिया है, जिससे अमेरिकी उत्पादों की भारत में पहुंच आसान होगी। हालांकि, 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कुछ टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि मुक्त व्यापार का दौर करवट ले रहा है और दुनिया के कई देश अब भारत जैसे भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार तलाश रहे हैं।

पश्चिमी देशों के न्यूट्रास्यूटिकल्स (पोषण और स्वास्थ्य उत्पाद) बाजार के लिए भारत और चीन रीढ़ की तरह हैं, क्योंकि इन देशों में 80% से ज्यादा कच्चे माल की सप्लाई एशिया से ही होती है। जड़ी-बूटियों, मसालों और वनस्पतियों के अर्क इन सप्लीमेंट्स के अनिवार्य हिस्से हैं। सप्लाई चेन में आए हालिया उतार-चढ़ाव ने बाजार को काफी प्रभावित किया है। व्यापारिक पाबंदियों और भारी टैक्स से बचने के लिए अब कई एशियाई सप्लायर वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों में अपना विस्तार कर रहे हैं।

भारत के हेल्थ सप्लीमेंट्स बाजार में कई दिग्गज कंपनियां हैं। 2024 में, वैश्विक कंपनी नेस्ले और भारत की डॉ. रेड्डीज लैब ने हाथ मिलाया ताकि नेस्ले के बड़े ब्रांड्स को डॉ. रेड्डीज के मजबूत ढांचे और नेटवर्क के जरिये घर-घर पहुंचाया जा सके। रेकिट जैसी कंपनी तो पिछले 90 वर्षों से बच्चों और शिशुओं के पोषण उत्पादों की प्रमुख सप्लायर है।

# भारत में फिर तेजी से बढ़ेगा रूसी तेल का आयात : विशेषज्ञ

## इराक बना सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता



**नई दिल्ली।** भारत के तेल आयात में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में रूस को पीछे छोड़ते हुए इराक भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च में रूस फिर से पहले स्थान पर आ सकता है। फरवरी में रूस से तेल आयात में 32 फीसद की गिरावट आई। आयात घटकर करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया।

वहीं इराक से आयात बढ़कर 11.8 लाख बैरल प्रति दिन पहुंच गया। सऊदी अरब से भी आयात बढ़कर करीब 9.98 लाख बैरल प्रति दिन हो गया। इस दौरान भारत के कुल तेल आयात में मध्य पूर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 59 फीसद हो गई। फरवरी में ब्राजील भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बनकर उभरा। वैश्विक तनाव और सप्लाई में बदलाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की रणनीति अपना रहा है।

# भारत में सस्ती होंगी वजन कम करने वाली दवाएं?



**नई दिल्ली।** डेनमार्क की दवा निमार्ता कंपनी नोवो नॉर्डिस्क की दो बेहद सफल दवाओं, ओजेम्पिक और वेगोवी, में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख अणु 'सेमाग्लुटाइड' का पेटेंट जल्द ही समाप्त होने वाला है। यह खबर भारतीय दवा उद्योग के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आई है, क्योंकि इससे देश में इस जीवनशैली दवा के सस्ते जेनेरिक संस्करणों की बाढ़ आने की उम्मीद है। एक समय प्रीमियम लाइफस्टाइल दवा मानी जाने वाली सेमाग्लुटाइड अब आम आदमी की पहुंच में आ सकती है, जो भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र और पूरी फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

पेटेंट खत्म होने का भारतीय फार्मा इंडस्ट्री पर क्या असर होगा?

सेमाग्लुटाइड का पेटेंट समाप्त होते ही घरेलू प्रतिस्पर्धा में भारी इजाफा देखने को मिलेगा।

नई लॉन्चिंगः लगभग 40 से अधिक भारतीय फार्मा कंपनियां कुछ ही हफ्तों में सेमाग्लुटाइड के 50 से अधिक ब्रांड लॉन्च करने की तैयारी में हैं।

## राशिफल

**मेष:** मेष राशि वाले जातकों की बात करे तो दिन आपका अच्छा रहेगा। व्यापारी जातक व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को दोबारा से शुरू करने में बिजी रहेंगे।

**वृष:** वृषभ राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। आपकी मुलाकात अपने पुराने दोस्त से होगी।

**मिथुन:** मिथुन राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क:** कर्क राशि वाले की बात करें तो दिन आपका अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे जातक व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए नए तरीकों को अपनाएंगे।

**सिंह:** सिंह राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। जो लोग किसी पुरानी बीमारी से परेशान चल रहे थे, अब उन्हें आराम महसूस होगा।

**कन्या:** कन्या राशि वाले जातकों के लिए दिन सुखद रहने वाला है। आप व्यापार को मजबूती देने के लिए कोई अहम कदम उठा सकते हैं।

**तुला:** तुला राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका और दिनों के मुकाबले बेहतर रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मित्रों की सहायता लेंगे।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन अच्छा रहने वाला है। आप नौकरी में दिए गए कामों को समय पर पूरा करेंगे, कार्यों की तारीफ होगी।

**धनु:** धनु राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में स्थान परिवर्तन देखने को मिलेगा।

**मकर:** मकर राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कल आपको कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** कुंभ राशि वाले जातकों की बात करें तो कल के दिन आपको भाग्य का साथ मिलेगा। सभी जगह से कुछ ना कुछ शुभ समाचार सुनने को प्राप्त होगा।

**मीन:** मीन राशि वालों की बात करें तो दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में या कारोबार में आपकी कोई लापरवाही आर्थिक नुकसान करा सकती हैं।

## चुटकुले

लड़का- मैं उस लड़की से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका- मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में हैं। अभी उसको तेरा नंबर देती रुक।

---

गर्लफ्रेंड- तुमको मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
बॉयफ्रेंड- तुम्हारी पसंद की चॉकलेट खा लेता हूं...
अच्छा बताओ जब मेरी याद आती है तो तुम क्या करती हो।
गर्लफ्रेंड- कुछ नहीं...मैं भी गुटखा खा लेती हूं।

---

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





स्पोर्ट्स

दैनिक करंट क्राइम | नई दिल्ली
रविवार • 22 मार्च -2026 | 05

## प्रीमियर लीग का गुरूर टूटा, लॉ लीगा के अनुभव ने यूरोपियन फुटबॉल में गाड़े झंडे

**नई दिल्ली।** स्पेनिश क्लबों ने एक बार फिर यूरोपियन फुटबॉल में अपनी बादशाहत साबित की, जहाँ रियल मैड्रिड और बार्सिलोना जैसी टीमों ने प्रीमियर लीग के दिग्गजों को हराया। इंग्लिश टीमों की तेज गति वाली खेल शैली के मुकाबले स्पेनिश क्लबों की संतुलित और रणनीतिक फुटबॉल नॉकआउट मुकाबलों में ज्यादा प्रभावी साबित हुई।

इंग्लैंड की लीग को अक्सर दुनिया की सबसे मजबूत लीग माना जाता है, लेकिन इस बार यूरोप की बड़ी प्रतियोगिता में तस्वीर कुछ अलग नजर आई।

बता दें कि प्रीमियर लीग के छह क्लब अंतिम 16 चरण तक पहुंचे थे, जो अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा था। मौजूद जानकारी के अनुसार इससे यह संकेत मिल रहा था कि इंग्लैंड के क्लब इस बार पूरी तरह हावी रहेंगे, लेकिन आगे की तस्वीर उतनी मजबूत नहीं रही।

## JSW Indian Open में भारतीय बेटियों का कमाल

# अनहत सिंह और तन्वी खन्ना में मारी एंट्री

**इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह और तन्वी खन्ना ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहाँ अब दोनों भारतीय खिलाड़ियों का आमना-सामना होगा। हालांकि, अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा मिस्र की नादिएन एल हम्मामी से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।**

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह और उनकी हमवतन गैर-वरीयता प्राप्त तन्वी खन्ना ने शुक्रवार को यहां अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अनाहत ने मलेशिया की सहवीत्रा कुमार पर 3-0 (11-2, 11-6, 11-4) की शानदार जीत दर्ज की जबकि तन्वी ने चौथी वरीयता प्राप्त आइना अमानी को 3-1 से हराया।

हालांकि अनुभवी जोशना चिनप्पा मिस्र की नादिएन एल हम्मामी से 1-3 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। एक अन्य क्वार्टरफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त हाना मोआताज ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त याशिमता जादिशकुमार को 3-2 (11-8, 8-11, 7-11, 11-7, 11-8) से हराया। शनिवार को सेमीफाइनल में अनाहत का मुकाबला तन्वी से जबकि मोआताज का सामना एल हम्मामी से होगा।

अनाहत ने मलेशिया की सहवीत्रा कुमार पर 3-0 (11-2, 11-6, 11-4) की शानदार जीत दर्ज की जबकि तन्वी ने चौथी वरीयता प्राप्त आइना अमानी को 3-1 से हराया। हालांकि अनुभवी जोशना चिनप्पा मिस्र की नादिएन एल हम्मामी से 1-3 से हारने



के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। एक अन्य क्वार्टरफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त हाना मोआताज ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त याशिमता जादिशकुमार को 3-2 (11-8, 8-11, 7-11, 11-7, 11-8) से हराया। शनिवार को सेमीफाइनल में अनाहत का मुकाबला तन्वी से जबकि मोआताज का सामना एल हम्मामी से होगा।

## अंपायर के फैसले पर अब नहीं होगा विवाद

### विंबलडन में पहली बार लागू होगी वीडियो रिव्यू तकनीक

**नई दिल्ली।** विंबलडन में इस साल पहली बार छह कोर्ट पर वीडियो रिव्यू तकनीक लागू होगी, जिससे खिलाड़ी अंपायर के फैसलों को चुनौती दे सकेंगे। खिलाड़ियों को अनलिमिटेड रिव्यू मिलेंगे और यह सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग से अलग होगा।

दुनिया के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन में इस साल से पहली बार वीडियो रिव्यू तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह घोषणा आयोजक संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने शनिवार को की। इस नई तकनीक का उपयोग सेंटर कोर्ट और नंबर-1 कोर्ट सहित कुल छह कोर्ट पर किया जाएगा। इसके अलावा नंबर-2 कोर्ट, नंबर-3 कोर्ट, कोर्ट 12 और कोर्ट 18 पर भी सिंगल्स मैचों के दौरान वीडियो रिव्यू उपलब्ध रहेगा।

**रिव्यू की संख्या पर कोई सीमा तय नहीं**

खिलाड़ियों को चेयर अंपायर के कुछ खास फैसलों जैसे डबल बाउंस को चुनौती देने के लिए वीडियो रिव्यू लेने की अनुमति होगी। खास बात यह है कि खिलाड़ियों के लिए रिव्यू की संख्या पर कोई सीमा नहीं रखी गई है। ग्रैंड स्लैम स्तर पर वीडियो रिव्यू की शुरूआत यूएस ओपन 2023 में हुई थी, जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी यह तकनीक पहले से इस्तेमाल हो रही है।



**29 जून से शुरू होगा विंबलडन**

यह वीडियो रिव्यू सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग से अलग है, जिसका इस्तेमाल गेंद के अंदर या बाहर होने का फैसला करने के लिए किया जाता है। पिछले साल विंबलडन में लाइन जजों की जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग लागू की गई थी, हालांकि शुरूआत में इसमें कुछ दिक्कतें भी सामने आई थीं। इस साल का विंबलडन टूर्नामेंट 29 जून से शुरू होगा।

# आरसीबी ने शुरू की तैयारी: आईपीएल से पहले कोहली ने खिलाड़ियों को किया आगाह

**बंगलूरू।** आईपीएल 2026 सीजन से पहले आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों को सलाह दी है। कोहली का मानना है कि यह सीजन काफी कठिन होने वाला है क्योंकि टीम इसमें खिताब का बचाव करने उतरेगी।

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम इस बार खिताब का बचाव करने उतरेगी और आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। आरसीबी का 28 मार्च को टूर्नामेंट के पहले मैच में सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच और पूरे सीजन में अच्छे प्रदर्शन के लिए आरसीबी कैंप में खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

कोहली ने खिलाड़ियों को किया प्रेरित

अभ्यास सत्र के दौरान दिग्गज खिलाड़ी और टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साथी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और बिना समय गंवाए अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने की अपील की। कोहली ने कहा कि खिताब का बचाव करने के लिए हमें काफी बेहतर तैयारी के साथ मैदान पर उतरना पड़ेगा। आरसीबी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभ्यास सत्र का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें विराट कोहली टीम के बाकी खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए दिखाई दिए।

विराट ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपना 120 प्रतिशत देना होगा। विराट कोहली 2008 से ही टीम से जुड़े हुए हैं। लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे हैं और टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शीर्ष पर हैं। विराट के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह टीम का पहला खिताब था। इसमें बतौर बल्लेबाज विराट कोहली की भूमिका बेहद अहम रही थी। विराट ने 15 मैचों में आठ अर्धशतक लगाते हुए 657 रन बनाए थे। कोहली ने अंतरराष्ट्रीय टी20 से संन्यास ले लिया है।



**कोहली बोले- दूसरी टीमें बेहतर तैयारी के साथ उतरेंगी**

कोहली ने कहा, पिछले दो से तीन सीजन में हमने काफी कड़ी मेहनत की है, जिसके बाद हम पिछले सीजन ट्रॉफी जीतने में कामयाब हो सके। अब हमारे लिए चीजें और मुश्किल होने वाली हैं क्योंकि दूसरी टीमें और भी बेहतर तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगी। हम सीजन का आगाज होने से पहले इन दिनों को बर्बाद नहीं कर सकते हैं। इसलिए अब हमें पूरी तरह से तैयार हो जाना चाहिए। हम जिस भी सेशन का हिस्सा हैं, उसका एक भी मिनट बर्बाद ना करें।

# सचिन से लेकर इरफान और कैफ तक ने ईद की दी मुबारकबाद





**बंगलूरू।** देश में आज ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। खेल जगत ने भी सभी को इसकी मुबारकबाद दी है। सचिन तेंदुलकर से लेकर इरफान पठान और मोहम्मद कैफ जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने एक्स पर पोस्ट किया है।

पूरे देश में ईद का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम के कई खिलाड़ी भी ईद का त्योहार बेहद सादगी से मना रहे हैं। ईद पर देशवासियों को मुबारकबाद देने वाले प्रमुख भारतीय क्रिकेटरों में सचिन तेंदुलकर, इरफान पठान, युसूफ पठान, वीवीएस लक्ष्मण, और मोहम्मद कैफ हैं। सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को मुबारकबाद दी है।

**सचिन ने एक्स पर किया पोस्ट**



सचिन तेंदुलकर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'ईद मनाने वाले सभी लोगों को ईद मुबारक। विश्वास, दया और उदारता की भावना हम सभी का मार्गदर्शन करे।' वीवीएस लक्ष्मण ने एक्स पर लिखा, 'यह ईद सभी के लिए खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लाए। ईद मुबारक।' मोहम्मद कैफ ने एक्स पर लिखा, आप सभी को ईद मुबारक।

**पठान ने बच्चों के साथ तस्वीरें पोस्ट की**

इरफान पठान ने परिवार के सदस्यों के साथ ईद मनाई और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'पठान परिवार की तरफ से सभी को ईद मुबारक। अल्लाह रमजान के दौरान आपके सभी रोजे कबूल करें।' यूसुफ पठान ने एक्स पर लिखा, 'यह मुबारक दिन हमारी जिंदगी में शांति, खुशी और कभी न खत्म होने वाली बरकत लाए।' मोहम्मद सिराज ने भी अपने परिवार के साथ एक फोटो साझा करते हुए ईद मुबारक लिखा है। इस्लाम धर्म में ईद-उल-फितर का खास महत्व होता है। रमजान के पूरे महीने रोजे रखने के बाद लोग अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने उन्हें इबादत के लिए साहस और ताकत दी। इसी खुशी को ईद-उल-फितर के रूप में मनाया जाता है।

## केकेआर के लिए नहीं कम हो रही मुश्किलें

### हर्षित के बाद आकाश दीप भी आईपीएल के पूरे सीजन से हुए बाहर

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं और उसके तेज गेंदबाज आकाश दीप आईपीएल से बाहर हो गए हैं। आकाश को चोट लगी थी और वह समय से फिट नहीं हो सके।

तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए और अब एक अन्य तेज गेंदबाज आकाश दीप भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। आकाश दीप चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। खिलाड़ियों की चोट का सबसे ज्यादा प्रभाव केकेआर पर ही पड़ा है।

**मुंबई के खिलाफ शुरू करेगी अभियान:** आईपीएल 2026 का सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है, लेकिन केकेआर पर दबाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हर्षित और आकाश दीप जहां पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, तो वहीं, श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिला है। यह तय है कि वह भी शुरूआती कुछ मैचों में केकेआर के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। आईपीएल में केकेआर अपने अभियान की शुरूआत 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी। खिलाड़ियों की चोटों ने आईपीएल टीमों की चिंता बढ़ा दी है। 28 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले हर्षित राणा और आकाश दीप समेत पांच खिलाड़ी पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं।

**आकाश दीप का आईपीएल करियर**



आकाश दीप ने 2022 में आईपीएल में डेब्यू किया था और वह अब तक 14 मैच ही खेल चुके हैं। आईपीएल में आकाश दीप के नाम 10 विकेट हैं। पिछले सीजन वह लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा थे जिन्होंने आकाश दीप को 2025 के लिए हुई नीलामी में आठ करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन एक सीजन के बाद ही रिलीज कर दिया था। 29 वर्षीय बंगाल के तेज गेंदबाज को केकेआर ने पिछले साल हुई मिनी नीलामी में एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था।

# चोट के कारण सात किलो तक घट गया था श्रेयस अय्यर का वजन

**पंजाब किंग्स के कप्तान ने किया खुलासा**

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पिछले कुछ समय से चोट से परेशान रहे थे। उन्होंने आईपीएल 2026 सीजन शुरू होने से पहले बताया है कि किस तरह उनका वजन सात किलो तक घट गया था।

श्रेयस अय्यर का पंजाब किंग्स के कप्तान के तौर पर पिछले सीजन कार्यकाल अच्छा रहा था और उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में पंजाब को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इन सबके बीच श्रेयस के लिए निजी तौर पर पिछले एक साल से चीजें सही नहीं चल रही हैं। उन्हें पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोट लगी थी जिस कारण वह अस्पताल में भी भर्ती रहे थे। अब श्रेयस ने बताया है कि इस चोट के कारण उनका वजन सात किलो तक घट गया था।

**श्रेयस बोले- चोट से उबरना चुनौतीपूर्ण होता है**

आईपीएल 2026 का सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है और श्रेयस एक बार फिर पंजाब किंग्स की कमान संभालते नजर आएंगे। श्रेयस ने कहा, चोट से उबरना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। गंभीर चोट के कारण मेरा लगभग सात किलो वजन कम हो गया था। शुक्र है कि दो महीने बाद मैं फिर से अच्छी स्थिति में आ गया। लेकिन उन सात किलो वजन को वापस पाने में काफी मेहनत लगी। मुझे चुनौतियां पसंद हैं और यह एक ऐसी ही चुनौती थी जिसे मुझे पार करना था। मुझे खुशी है कि मैं उस दौर से बाहर निकल आया और अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए वापस आ गया हूं, साथ ही पिछली सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था।

पिछले सीजन उपविजेता रहने के बाद श्रेयस जानते हैं कि प्रशंसक इस साल टीम से और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उम्मीदें बहुत ज्यादा है जो मजेदार है। मुझे चुनौती पसंद है, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना ही होगा। मेरी नजर ट्रॉफी पर है। यह वह समय है जब हम दो महीने तक परिवार के रूप में साथ रहते हैं।

**श्रेयस ने साथी खिलाड़ियों के साथ बिताए समय को महत्वपूर्ण बताया:** कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि टीम होटल में साथ बिताया गया समय अभ्यास सत्रों जितना ही महत्वपूर्ण है। श्रेयस ने कहा, यह वो समय है जब हम दो महीने एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना ज्यादा समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। अब वो समय है जब हम अपना आपसी मेलजोल मजबूत करते हैं। हम अपना ज्यादातर समय गेम रूम में गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों की योजना और रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर ये मजबूत रिश्ता हमें अंततः बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है।





## डोप टेस्ट फेल होने पर स्नेहा कोल्लेरी पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय धाविका स्नेहा कोल्लेरी को डोपिंग उल्लंघन के मामले में एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया।

भारतीय महिला धाविका स्नेहा कोल्लेरी को डोपिंग उल्लंघन के मामले में तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह फैसला एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने सुनाया है, जिसने उनके दूषित सप्लीमेंट के दावे को खारिज कर दिया।

26 वर्षीय कोच्चि की रहने वाली स्नेहा को पिछले साल एशियन चैंपियनशिप टीम से बाहर कर दिया गया था, जब उनका डोप टेस्ट पॉजिटिव आया। 10 मई को चीन के ग्वांगझोउ में प्रतियोगिता के दौरान लिए गए सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल पाया गया। जांच में स्टैनोजोलोल मेटाबोलाइट की पुष्टि हुई, जो विश्व एंटी-डोपिंग नियमों के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है।

# लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद किस तरह अभिषेक के लिए मददगार बने गिल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 में लगातार तीन शून्य पर आउट होने के बाद फॉर्म में लौटने के लिए अभिषेक शर्मा ने शुभमन गिल से उनका बल्ला मांगा था। उन्हें भरोसा था कि गिल का बल्ला उनके खराब फॉर्म को सुधारने में मदद कर सकता है।

भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि टी20 विश्व कप 2026 के दौरान लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी शुभमन गिल से संपर्क किया था और उनसे बल्ला लेने की गुजारिश की थी। अभिषेक का मानना था कि शुभमन का बल्ला उन्हें फॉर्म में वापसी दिलाने में मदद कर सकता है।

**अभिषेक ने मांगी थी गिल से मदद**

अभिषेक ने शुभमन गिल के साथ हुई बातचीत का जिक्र हाल ही में दिल्ली में बीसीसीआई द्वारा आयोजित नमन अवॉर्ड्स में किया था। अभिषेक ने कहा कि तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद मैंने उसे मैसेज किया कि इससे पहले कोई और रिकॉर्ड बन जाए, बल्ला दे दे। यह सिर्फ मजाक नहीं था बल्कि इससे उन्हें मानसिक रूप से फॉर्म में लौटने की प्रेरणा भी मिली।

**अभिषेक के लिए क्या बोले गिल**

जब उनसे पूछा गया कि उन्हें किसका बल्ला सबसे ज्यादा पसंद है, तो बिना किसी हिचक के अभिषेक ने शुभमन का नाम लिया था। अवॉर्ड शो के दौरान शुभमन गिल से भी सवाल हुआ कि क्या उन्होंने अभिषेक को टूर्नामेंट से पहले कोई सलाह दी थी या नहीं। इसके जवाब में गिल ने कहा था कि दुनिया के नंबर वन टी20 बल्लेबाज को कौन सलाह देगा? शुभमन गिल ने कहा कि जहां तक बल्ले की बात है तो अभिषेक हमेशा ही उनके बल्ले से खेलते हैं। शुभमन गिल को टी20 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था। उनकी जगह ओपनर के रूप में संजू सैमसन को प्राथमिकता दी गई थी और दूसरे विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन को जगह दी गई थी।

**विश्व कप में अभिषेक का प्रदर्शन**

अभिषेक शर्मा का टी20 विश्व कप 2026 में प्रदर्शन वैसा नहीं रहा था जैसे प्रदर्शन की उनसे उम्मीद थी। अभिषेक तीन बार लगातार शून्य पर आउट हुए। टूर्नामेंट में उनके बल्ले से सिर्फ दो अर्धशतक आए।

हालांकि, ये दोनों अर्धशतक बेहद अहम मौके पर आए। अभिषेक ने सुपर-8 में जिम्बाब्वे के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विस्फोटक अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।




## फुटबॉल की वैश्विक संस्था ने इस्राइल पर क्यों लगाया जुर्माना

# मैक्सिको में नहीं होंगे ईरान के विश्वकप मैच

**नई दिल्ली।** फीफा ने इस्राइल फुटबाल संघ पर भेदभाव और नस्लीय दुर्व्यवहार के साथ अपमानजनक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन से संबंधित अनुशासनात्मक आरोपों के लिए जुमार्ना लगाया है। वहीं, वैश्विक निकाय ने फीफा विश्व कप के कार्यक्रम में बदलाव की संभावनाओं को खारिज किया है।

फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने भेदभाव विरोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए इस्राइल फुटबाल महासंघ पर जुमार्ना लगाया है। लेकिन वेस्ट बैंक की बस्तियों में स्थित क्लबों को अनुमति देने के लिए इस्राइल को वैश्विक फुटबाल से निलंबित करने के फलस्तीन के अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ईरान के विश्व कप मैचों को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है।

इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा चाहता है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़े। फीफा ने इस दौरान फलस्तीनी फुटबाल महासंघ की दो अलग याचिकाओं पर विचार किया। फीफा ने इस्राइल फुटबाल संघ पर भेदभाव और नस्लीय दुर्व्यवहार के साथ अपमानजनक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन से संबंधित अनुशासनात्मक आरोपों के लिए 190,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपये) का जुमार्ना लगाया। फीफा ने फलस्तीनियों के बहिष्कार के लिए जिम्मेदार ठहराया।

ईरान की सरकार ने कहा था कि वह विश्व कप का बहिष्कार नहीं करना चाहती, लेकिन 28 फरवरी से इस्राइल और अमेरिका की ओर से किए गए सैन्य हमलों के कारण राष्ट्रीय टीम का अमेरिका आना संभव नहीं है।






# छापा मारकर 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा किया सीज

**हापुड़।** नवरात्र के बीच शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापामारा है। टीम ने चंडी रोड पर एक प्रोविजनल स्टोर से 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा सीज किया है। इसके अलावा दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

कुट्टू का आटा खाने के कारण प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इसके बाद भी बाजार में पीसा हुआ खुला कुट्टू का आटा बिक रहा है। इस मामले में नवरात्रि से पहले और प्रथम नवरात्रि तक भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई नहीं की। बुलंदशहर में लोगों के बीमार पड़ने के बाद शुक्रवार की शाम के समय जाकर अधिकारी जागे हैं।

सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता ने चंडी रोड पर सक्सैना प्रोविजनल स्टोर पर कूट्टू के खुले आटे की बिक्री पर कार्रवाई की। टीम ने मौके से कुट्टू का आटा और चौलाई के लड्डू का एक-एक नमूना लिया है। इसके अलावा बिल न दिखाने पर 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा सीज किया गया है। मामले में सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ में लोगों के बीमार पड़ने की सूचना पर जांच के लिए टीम गई है। जिले में कुट्टू के आटे की बिक्री न हो, इसके लिए लगातार अभियान चलाए गए हैं। इससे पहले के मुकाबले लोगों के बीमार कम पड़ने के मामले भी आए हैं।

# साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने जताई चिंता, एलपीजी की किल्लत और पीएनजी कनेक्शन में देरी बनी बड़ी बाधा


दिनेश मित्तल, अध्यक्ष साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन


अजीत तोमर, उपाध्यक्ष साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन


मुकेश गुप्ता, महासचिव साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद मध्य-पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव का सीधा असर अब दिल्ली-एनसीआर के औद्योगिक पहियों पर दिखने लगा है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र इस समय ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रहा है, जिससे न केवल उत्पादन ठप हो गया है, बल्कि अब वहां से श्रमिकों का पलायन भी शुरू हो गया है।

## वैश्विक तनाव का स्थानीय उद्योगों पर प्रहार

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिपिंग रूट्स बाधित होने और तेल-गैस की कीमतों में अस्थिरता के कारण भारत में एलपीजी की उपलब्धता अत्यंत सीमित हो गई है। इसका सबसे ज्यादा असर टॉय मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक फैन, पाउडर कोटिंग और वेल्डिंग इकाइयों पर पड़ा है। उत्पादन पूरी तरह ठप है और ऑर्डर समय पर पूरे नहीं हो पा रहे, जिससे उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## पीएनजी कनेक्शनः 2 साल तक का लंबा इंतजार

**करंट क्राइम।** एसोसिएशन ने गैस संकट के विकल्प के तौर पर पीएनजी कनेक्शन की जटिल प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। उद्यमियों का कहना है कि आईजीएल द्वारा कनेक्शन देने में 6 महीने से लेकर 2 साल तक का समय लग रहा है। एक तरफ एलपीजी नहीं है और दूसरी तरफ पीएनजी मिलने में देरी हो रही है, जिससे उद्योग 'दोहरी मार' झेल रहे हैं। उत्पादन बंद होने का सबसे दुखद पहलू श्रमिकों का पलायन है। दिनेश मित्तल ने चेतावनी देते हुए कहा कि काम न मिलने के कारण प्रवासी श्रमिक वापस अपने गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

यदि यह स्थिति बनी रही, तो भविष्य में काम दोबारा शुरू होने पर कुशल श्रमिकों का मिलना नामुमकिन हो जाएगा।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजीत तोमर ने कहा कि ऊर्जा संकट से उद्योगों की साख दांव पर है। उद्यमियों के सामने अब इकाइयां बंद करने या दूसरे राज्यों में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बच रहा। एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक संकट नहीं, बल्कि सामाजिक संकट भी है। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी और राजस्व में भारी गिरावट आएगी। सरकार को इसे 'आपातकालीन स्थिति' मानना चाहिए।

### एसोसिएशन की प्रमुख मांगें:

- ➪ औद्योगिक उपयोग के लिए एलपीजी की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- ➪ पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल कर 30 दिन की समयसीमा तय हो।
- ➪ आईजीएल को फास्ट-ट्रैक मोड पर कनेक्शन देने के निर्देश दिए जाएं।
- ➪ यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो उद्योग और श्रमिक दोनों ही इस क्षेत्र से खत्म हो जाएंगे, जो अर्थव्यवस्था के लिए आत्मघाती होगा।

# कंपनी अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में अकाउंटेंट समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-136 स्थित कोचिंग देने वाली कंपनी के अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में अकाउंटेंट समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली फेज-2 पुलिस ने दोनों को शनिवार को सेक्टर-91 से दबोच लिया।

दिल्ली निवासी राजेश कुमार झा ने पुलिस से मारपीट की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। एसीपी उमेश यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान हापुड़ सिंभावली निवासी चंद्रमोहन सारस्वत व मेरठ खानपुर निवासी हनी बैसला के रूप में हुई है। इनके पास से करीब 50 हजार रुपये नकद, क्रेडिट कार्ड, कार बरामद हुई। बैंक खाते में 2.57 लाख रुपये फ्रीज कराए। पूछताछ में पता चला है कि चंद्रमोहन कंपनी कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। उसका राजेश से पैसे के लेनदेन का विवाद था। रकम नहीं देने पर अकाउंटेंट ने अपने तीन साथियों से संग मिलकर जबरन रुपये लेने की योजना बनाई थी। चंद्रमोहन दो-तीन साथियों संग बुधवार को पार्किंग में पहुंचा था। वहां पर राजेश के रकम नहीं देने पर जबरन कार से निकालकर पीटा था। 60 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए थे जबकि कार में रखे 2.57 लाख रुपये लेकर भाग गए थे।



# अगवा कर नाबालिग किशोरी को बनाया था हवस का शिकार

## 11 दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी युवक

**हापुड़।** मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी और संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को आरोपी के ब्रजनाथपुर नहर पुल के पास होने सूचना मिली।

हाफिजपुर थाना पुलिस ने 11 दिन पहले कुराना टोल के पास से जिला हमीरपुर जिले के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार की शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

सीओ अनीता चौहान ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय व उनकी टीम ने मंगल रजक निवासी गांव नौसारा जिला महोबा को ब्रजनाथपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया।


आरोपी

आरोपी 10 मार्च की दोपहर करीब सवा 12 बजे कुराना टोल प्लाजा के पास रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया। इस संबंध में जिला हमीरपुर के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने कई दिनों तक अपनी पुत्री को आसपास व रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया लेकिन पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा।

मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी और संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को आरोपी के ब्रजनाथपुर नहर पुल के पास होने सूचना मिली। सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक गौरव वशिष्ठ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार की शाम न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# गाजियाबाद में गृह कर वृद्धि के खिलाफ 'संघर्ष समिति' का गठन, 24 मार्च को प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा गृह कर में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कवि नगर स्थित केजी-35 में शहर के प्रमुख व्यापारिक संगठनों, आरडब्ल्यूए और एनजीओ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 'गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति' का गठन किया गया, जो इस वृद्धि को वापस कराने हेतु कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ेगी।



अत्यधिक वृद्धि का विरोधः उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यह वृद्धि प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध और मध्यम वर्ग व व्यापारियों पर असहनीय बोझ है।

मुख्यमंत्री को ज्ञापनः आगामी 24 मार्च को प्रातः 10:30 बजे जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

आंदोलन की चेतावनीः यदि प्रशासन ने जल्द राहत नहीं दी, तो समिति व्यापक जन-जागरूकता अभियान और शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगी। समिति ने गाजियाबाद के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने हक के लिए मंगलवार सुबह जिलाधिकारी कार्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में एकत्र हों।

# सेक्टर में शराब की दुकान खुलने पर विरोध

**नोएडा।** सेक्टर-36 के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भीतर शराब की दुकान खोली गई जिसका स्थानीय निवासियों ने विरोध किया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. अजय भाटी ने बताया कि सेक्टर के एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भीतर शराब की दुकान का उद्घाटन था, लेकिन सेक्टर के जागरूक निवासियों के कड़े विरोध के कारण दिनभर शराब नहीं बिक सकी।




वहीं दुकान मालिक का दावा है कि उनके पास वैध लाइसेंस है और उन्होंने सभी मानक पूरे किए हैं। इसके उलट, सेक्टरवासियों का कहना है कि शाम के समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू होगा, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन 24 घंटे के भीतर दुकान को बंद या शिफ्ट करने का आदेश नहीं देता, तो वे सड़क जाम करके आंदोलन करेंगे।

# हनुमान चालीसा पाठ करने जा रहे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शनिवार की सुबह हनुमान चालीसा पाठ करने जा रहे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। ये कार्यकर्ता गांव में स्थित एक धार्मिक स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ करने जा रहे थे। जिससे कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने हर हाल में हनुमान चालीसा का पाठ करने का ऐलान किया।

भोजपुर थानांतर्गत गांव मुकीमपुर में मुस्लिम समाज का ईदगाह और ठाकुर गुलाब सिंह की समाधि स्थित है। बजरंग दल के कार्यकर्ता इसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए इकट्ठा हुए थे। बजरंग दल के शिवम शर्मा ने आरोप लगाया कि गुलाब सिंह की समाधि पर अवैध कब्जा कर ईदगाह का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। तहसीलदार व एसीपी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने तथा लोगों को समझाने का प्रयास किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि यदि उस स्थान पर नमाज पढ़ी जाती है, तो वे भी हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। मौके पर समझा कर कार्यकर्तोंओ भेजा गया। मौके पर पुलिस तैनात है।

# कुट्टू का आटा खाने से आधा दर्जन लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नवरात्र के दौरान कुट्टू का आटा खाने से एक ही परिवार के छह सदस्य बीमार पड़ गए। इनमें दो बच्चे और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। तबीयत बिगड़ने पर सभी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।



रोरी गांव निवासी राहुल शर्मा एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी पत्नी रेनू शर्मा शिक्षिका हैं। रेनू शर्मा ने बताया कि दूसरे नवरात्र यानी शुक्रवार को परिवार के सभी सदस्यों का उपवास था। उन्होंने गांव में अनिल की दुकान से कुटू का आटा लाकर पकवान बनाया था।

पकवान खाने के लगभग दो घंटे बाद परिवार के सदस्यों को अचानक पेट में दर्द, चक्कर और उल्टी होने लगी। बीमार पड़ने वालों में राहुल शर्मा, उनकी मां ललिता शर्मा, पत्नी रेनू शर्मा, भाई संदीप शर्मा और दोनों बच्चे गरिमा शर्मा व दस वर्षीय रुद्र शर्मा शामिल हैं। ललिता शर्मा और बच्चों की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। ललिता शर्मा को कंपकंपी चढ़ने लगी। पड़ोसियों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर स्थानीय चिकित्सक को बुलाया, जिन्होंने उन्हें अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हालत में सुधार न होने पर सभी को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बुजुर्ग ललिता शर्मा की हालत अभी भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। इस मामले में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

तहसीलदार रजत सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को गांव में भेजकर कुटू के आटे की जांच कराई जाएगी।




# कौन आईपीएस लगा है ताल बैठाने में

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जल्द ही यहां पर एक आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग हो सकती है। सुनने में आ रहा है कि उनको जल्द ही यहां भेजा जाएगा। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिली है कि गाजियाबाद में तैनात रहे एक आईपीएस अधिकारी के साथ ही दो अन्य आईपीएस अधिकारी ऐसे हैं, जो इन दिनों गाजियाबाद की पोस्टिंग के लिए अपना तालमेल बैठाने में लगे हुए हैं। सुनने में आया है कि उनके लिए कई पूर्व वरिष्ठ अधिकारी भी सिफारिश कर रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जैसे ही गाजियाबाद से उस आईपीएस का कनेक्शन जुड़ेगा, तो यहां के भी समीकरण बदल सकते हैं। बताया जा रहा है कि दो डीसीपी स्तर के कार्यक्षेत्र में बदलाव भी देखने की संभावना प्रबल बताई जा रही है। वहीं इन सबके बीच जानकारी यह है कि जिस तरीके से हर साल ईद के त्यौहार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नंबर दो की पोजीशन वाले अधिकारी फील्ड पर नजर आते थे, तो इलाके वाले साहब लोग भी जमकर पसीना बहाते थे। ड्रोन वाली फोटो आती थी और मुस्तैदी दिखाई जाती थी लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है। उधर लाइन वाली जो वीडियो बनवाई गई है, उसको तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जा रहा है और गुड वर्क को दशार्या जा रहा है। वहीं जानकारी यह मिली है कि 24 तारीख को एक प्रमुख साहब गाजियाबाद के निरीक्षण कार्यक्रम में आने वाले हैं। वह लाइन से लेकर कई स्थानों का दौरा कर सकते हैं। वहीं उनके आगमन को देखते हुए ट्रैफिक वाली व्यवस्था भी दुरुस्त रखने की तैयारी की जा रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में किस आईपीएस अधिकारी का मामला सेट बैठता है। किसको पोस्टिंग मिलती है और कौन आईपीएस किस जोन में बदला जाएगा, इसकी भी चर्चा रहेगी। इन सबके बीच जिस तरीके से एक एसीपी साहब का मामला सेट नहीं हो पाया है, उनको अभी वेट करना होगा। तो वही यह भी तय नहीं है कि किसको अभी गाजियाबाद में ही रहकर काम करना होगा। कुल मिलाकर लिस्ट आने का सिलसिला मार्च वाले महीने के अंतिम दिनों में फिर से शुरू होगा। जिससे कई समीकरण और अधिकारियों के फेस बदलने की संभावना बताई जा रही है।



# यूपी में एक और पति की हत्याः पत्नी ने प्रेमी संग रात में दौड़ा-दौड़ाकर मारा, कब्रिस्तान में मिली राजपाल की लाश

**गढ़मुक्तेश्वर।** बंटी और रजनी के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था, जिसका राजपाल कई बार विरोध कर चुका था। आरोपी बंटी ठेला लगाकर आइसक्रीम बेचने का कार्य करता था।

यूपी के हापुड़ स्थित गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला आदर्श नगर में हुए राजपाल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए चौंकाने वाले तथ्यों का पदार्फाश किया है। इस हत्या के पीछे कोई बाहरी दुश्मनी नहीं, बल्कि अवैध प्रेम संबंध की साजिश सामने आई है। पुलिस जांच में सामने आया कि राजपाल की पत्नी रजनी और उसके प्रेमी बंटी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से लाठी से वार कर उसकी हत्या कर दी।



कंटीले तारों में मिला था शव

सीओ स्तुति सिंह ने शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि घटना 18 मार्च की है, जब राजपाल का शव कब्रिस्तान के पास कंटीले तारों में उलझा हुआ मिला था। प्रारंभ में मामला संदिग्ध लग रहा था, लेकिन पुलिस की सख्त पूछताछ में सच्चाई सामने आ गई।

# कंपनी अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में अकाउंटेंट समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा। सेक्टर-136 स्थित कोचिंग देने वाली कंपनी के अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में अकाउंटेंट समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली फेज-2 पुलिस ने दोनों को शनिवार को सेक्टर-91 से दबोच लिया।

दिल्ली निवासी राजेश कुमार झा ने पुलिस से मारपीट की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। एसीपी उमेश यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान हापुड़ सिंभावली निवासी चंद्रमोहन सारस्वत व मेरठ खानपुर निवासी हनी बैसला के रूप में हुई है। इनके पास से करीब 50 हजार रुपये नकद, क्रेडिट कार्ड, कार बरामद हुई। बैंक खाते में 2.57 लाख रुपये फ्रीज कराए। पूछताछ में पता चला है कि चंद्रमोहन कंपनी कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। उसका राजेश से पैसे के लेनदेन का विवाद था।

रकम नहीं देने पर अकाउंटेंट ने अपने तीन साथियों से संग मिलकर जबरन रुपये लेने की योजना बनाई थी। चंद्रमोहन दो-तीन साथियों संग बुधवार को पार्किंग में पहुंचा था। वहां पर राजेश के रकम नहीं देने पर जबरन कार से निकालकर पीटा था। 60 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए थे जबकि कार में रखे 2.57 लाख रुपये लेकर भाग गए थे।

# मंदिर निर्माण को लेकर विवाद, पुलिस से की शिकायत

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा एक सोसाइटी में शनिवार को मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय निवासियों के दो गुट आमने-सामने आ गए। एक गुट के लोगों ने जहां टेंट लगाकर भगवान की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू कर दी, वहीं दूसरा गुट इसके विरोध में आ गया।

आरोप है कि इसके लिए बिल्डर प्रबंधन व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से कोई अनुमति नहीं ली गई है, जो गलत है। बिना किसी की सहमति के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। विरोध कर रहे निवासियों का कहना है कि सोसाइटी की अभी तक रजिस्ट्री नहीं हुई है और यदि ले-आउट में किसी प्रकार का परिवर्तन किया गया तो ओसी और सीसी मिलने में समस्या आ सकती है, जिससे रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर निवासी पहले ही हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या नक्शे में बदलाव भविष्य में कानूनी जटिलताएं बढ़ा सकता है। विवाद बढ़ता देख निवासियों ने डायल 112 पर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो सका है। कुछ लोगों ने ईकोटेक तीन कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

DrAnil Agrawal
6h ·

आज आप सभी से भेंट कर मन प्रफुल्लित हो गया, आप सभी के इस प्रेम भाव को मेरा साधुवाद...!!

प्रभु से प्रार्थना है कि दिन प्रतिदिन इसी प्रकार मैं आप सभी की सेवा में तत्पर रहूं...!!




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद अभूतपूर्व तरीके से सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। मुलाकात के एक पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। मिलने वालों के प्रेमभाव को साधुवाद दिया। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना की कि दिन प्रतिदिन आप की सेवा में तत्पर रहूं। सेवा का जनसेवा का राजनीति में एक अर्थ होता है। पूर्व राज्यसभा सांसद डा. अनिल अग्रवाल की सेवा भाव से जुड़ी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।








# ईरानी नौसेना की सुरक्षा में होर्मुज पार कर रहे जहाज, भारत की समंदर वाली दोस्ती आई काम

**तेहरान।** ईरान से भारत के लिए एक राहत की खबर आई है। अब ईरानी नौसेना खुद ही भारतीय जहाजों को रास्ता दिखा रही है। पिछले कुछ दिनों से देश में गैस को लेकर परेशानी बढ़ रही थी, लेकिन अब सबकुछ ठीक होने की उम्मीद है।

ईरान-इस्राइल जंग के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। दरअसल, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से वैश्विक व्यापार के लिए सबसे सरल समुद्री रास्ता होर्मुज जलडमरूमध्य 'डेथ ट्रैप' बनता जा रहा है। हालांकि, अब भारतीय जहाजों को वहां एक 'खास सुरक्षा कवच' मिल रहा है। खबर है कि ईरानी नौसेना खुद रेडियो और तकनीकी गाइडेंस के जरिए भारतीय टैंकरों को इस खतरनाक रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाल रही है।

जानकारी के मुताबिक, भारतीय क्रूड और गैस टैंकरों वाले जहाजों को



ईरानी नौसेना की ओर से विशेष निर्देश मिल रहे हैं। समुद्री सीमाओं पर बढ़ते रडार इंटरफेरेंस और रास्ता भटकाने की तकनीक के बीच ईरानी नौसेना भारतीय क्रू को विशिष्ट रूट बता रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय जहाजों को 'डिजिटल डार्कनेस' यानी अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके ईरान के तटीय इलाकों के करीब से गुजरने की सलाह दी जा रही है। यह रास्ता लाारक और केशम द्वीपों के बीच से होकर गुजरता है।

### कूटनीति की बड़ी जीत

12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के बीच हुई बातचीत के बाद से ही भारतीय जहाजों के लिए समुद्री रास्ता खुल गया था। अब ईरानी नौसेना खुद ही भारतीय जहाजों की मदद में जुट गई है। बता दें कि अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान का टकराव चरम पर है। इस बीच ईरान ने इस रास्ते को लगभग ब्लॉक कर दिया है, वहीं भारत के लिए रास्ता खुला रखना पीएम मोदी की 'बैलेंसिंग एक्ट' पॉलिसी की सफलता मानी जा रही है।

### भारतीय नौसेना का सुरक्षा कवच

ईरानी जलसीमा से बाहर निकलते ही इन जहाजों की जिम्मेदारी भारतीय नौसेना का 'ऑपरेशन संकल्प' संभाल लेता है। 'शिवलिंग' और 'नंदा देवी' जैसे बड़े एलपीजी टैंकरों वाले जहाज को ईरानी नौसेना ने रेडियो गाइडेंस के जरिए उत्तर अरब सागर तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय नौसेना ने इन्हें गुजरात के बंदरगाह तक पहुंचाया था।

### अभी बाकी हैं चुनौतियां

हालांकि, यह राहत अभी चुनिंदा जहाजों के लिए ही है। फिलहाल करीब 22 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान अपनी समुद्री ताकत का इस्तेमाल भारत के साथ सौदेबाजी के लिए भी कर सकता है, लेकिन मौजूदा स्थिति में भारत के लिए अपने ऊर्जा संसाधनों को सुरक्षित घर लाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



# पश्चिम एशिया तनाव में नाटो की एंट्री इराक में सैनिकों की अस्थायी तैनाती शुरू

**बगदाद।** पश्चिम एशिया संकट में अब नाटो की एंट्री होती भी दिख रही है। दरअसल नाटो ने इराक में बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच अपने सैनिकों की अस्थायी तैनाती करने का फैसला किया है। हालांकि यह तैनाती गैर युद्धक होगी। अमेरिका के शीर्ष कमांडर ने इस तैनाती का स्वागत किया है।



इराक में नाटो मिशन ने सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने कर्मियों की अस्थायी वापसी शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से इराकी न्यूज एजेंसी (आईएनए) ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में इस कदम को एक अस्थायी उपाय बताया गया है, जो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और मिशन के सदस्यों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। उसने यह भी कहा कि युद्ध समाप्त होते ही और इराक में सुरक्षा स्थिति स्थिर होने पर नाटो सैनिक वापस लौट आएंगे।

यह नाटो का गैर लड़ाकू मिशन

इराक में नाटो मिशन एक गैर-लड़ाकू सलाहकार मिशन है, जो 2018 में इराकी सरकार के अनुरोध पर स्थापित किया गया था ताकि उसके सुरक्षा क्षेत्र को मजबूत किया जा सके। यह गैर-लड़ाकू मिशन 2018 में इराकी अधिकारियों के अनुरोध पर बनाया गया था, ताकि देश को अपनी सुरक्षा बलों को मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद मिल सके। नाटो कर्मियों ने इराक के सुरक्षा बलों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया, लेकिन गठबंधन के अनुसार वे उनके साथ युद्ध अभियानों में तैनात नहीं थे।

### अमेरिकी कमांडर ने कहा धन्यवाद

यूरोप में नाटो बलों के कमांडर, अमेरिकी वायु सेना के जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच ने नाटो सैनिकों की इराक में तैनाती इराक और सहयोगियों का धन्यवाद किया। ग्रिनकेविच ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मैं नाटो मिशन, इराक के समर्पित पुरुषों और महिलाओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने इस अवधि के दौरान अपना मिशन जारी रखा। वे सच्चे पेशेवर हैं।' यह अस्थायी वापसी 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के संयुक्त हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हो रही है, जिसके जवाब में ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों ने पूरे मध्य पूर्व में इस्राइल और अमेरिकी हितों पर हमले किए।

# बिजली संकट के बीच अमेरिकी दूतावास के डीजल आयात पर लगाई रोक

**हवाना।** अमेरिका के दबाव और ईंधन नाकाबंदी के बीच क्यूबा ने हवाना स्थित अमेरिकी दूतावास का डीजल आयात रोक दिया है। इस फैसले को केवल ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि ट्रंप प्रशासन को दिया साफ और सख्त राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। दूतावास बिजली कटौती से परेशान था, लेकिन क्यूबा ने अपनी सीमाओं और राष्ट्रीय स्वायत्तता की रक्षा करते हुए इनकार किया।

अमेरिका के साथ बढ़ती तनातनी के बीच क्यूबा ने सख्त संदेश देते हुए राजधानी हवाना स्थित अमेरिकी दूतावास का डीजल आयात का अनुरोध पूरी तरह ठुकरा दिया है। ऊर्जा को लेकर ट्रंप प्रशासन की धमकियों और ब्लैकमेल के बावजूद क्यूबा के इस सख्त संदेश ने एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। क्यूबा सरकार ने यह फैसला ट्रंप प्रशासन की तरफ से देश पर लागू ईंधन ब्लॉकएड के बीच लिया है, जिससे क्यूबा को विदेश से तेल और डीजल की आपूर्ति मुश्किल हो गई है।

### दूतावास में डीजल आयात करना चाहता था

बताया जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास अपने जेनरेटर के लिए डीजल इम्पोर्ट करना चाह रहा था, क्योंकि लंबे समय से बिजली कटौती और ऊर्जा संकट के कारण दूतावास की रोजमर्रा की कामकाज में कठिनाइयां आ रही हैं। अमेरिका की तरफ से क्यूबा में ईंधन ब्लॉकएड लागू करने के बाद देश में डीजल की कमी इतनी गंभीर हो गई है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने हवाना में अपने कर्मचारियों की संख्या कम करने पर विचार शुरू कर दिया है। हालांकि अगर ऐसा होता है कि तो संभव है कि क्यूबा भी अपनी वाशिंगटन दूतावास में कर्मचारियों की संख्या घटाने की मांग करे।

# स्टेशन से घर तक पहुंचने की झंझट खत्म अब ट्रेन टिकट के साथ ही बुक कर सकेंगे टैक्सी

**नई दिल्ली।** रेल वन एक सुपर एप की तरह काम करता है। इस रेल मंत्री ने पिछले साल लांच किया था। लॉन्चिंग के बाद महज 8 महीने से भी कम समय में इस एप्लीकेशन को 2 करोड़ से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है।




भारतीय रेलवे से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब यात्रियों को स्टेशन पर उतरने के बाद आटो,टैक्सी खोजने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि रेलवे भारत टैक्सी के साथ समझौता करने जा रहा है। इसके तहत यात्री ट्रेन टिकट के साथ ही टैक्सी भी बुकिंग भी कर सकेंगे।

रेलवे मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, टिकट बुकिंग के दौरान यात्रियों को जिस स्टेशन पर उतरना है वहां से आगे की यात्रा का विकल्प मिलेगा। इसमें भारत टैक्सी का विंडो होगा। जिससे स्टेशन पर ही यात्रियों को भारत टैक्सी मिल जाएगी। लेकिन इस सुविधा का फायदा उन्हीं यात्रियों को मिलेगा। जिनका टिकट कंफर्म है। इससे समय और मेहनत दोनों बचेंगे। इस सुविधा को देशभर में लागू करने की योजना है। लेकिन पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह अभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू की जाएगी। इसके बाद देश के अन्य स्टेशनों पर इसे लागू किया जाएगा।

दअरसल, रेल वन एक सुपर एप की तरह काम करता है। इस रेल मंत्री ने पिछले साल लांच किया था। लॉन्चिंग के बाद महज 8 महीने से भी कम समय में इस एप्लीकेशन को 2 करोड़ से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा तैयार किया गया यह ऐप तेजी से डाउनलोड किया जा रहा है और इससे प्रतिदिन करीब 6 लाख टिकट की बुकिंग हो रही है।

रेलवे के एक अधिकारी का कहना है, रेल वन ऐप को एकीकृत डिजिटल गेटवे के रूप में डिजाइन किया गया है। इससे आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन इंक्वायरी और पीएनआर स्टेटस जैसी सेवाओं को एक ही इंटरफेस में एकीकृत करता है।

यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ऐप को भारत टैक्सी के साथ इंटीग्रेटेड किया जा रहा है। इस इंटीग्रेशन का उद्देश्य स्टेशन परिसर के बाहर अफरा तफरी को कम करना, पैसेंजर की यात्रा को सुविधाजनक बनाना और एक भरोसेमंद, पारदर्शी लास्ट माइल ट्रांसपोर्ट विकल्प देना है।

# हिंद महासागर में यूके-यूएस बेस पर ईरान ने दागी मिसाइलें

**ईरान।** ब्रिटेन ने डिएगो गार्सिया एयरबेस पर ईरान के मिसाइल हमले को लापरवाह बताया। हमले की पूरी जानकारी नहीं दी गई। ब्रिटेन ने इसे क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोगियों के लिए खतरा माना।



ब्रिटेन ने ईरान के हमलों को लपरवाह बताते हुए उनका निंदा की है। ईरान की सेना ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया द्वीप पर स्थित ब्रिटेन और अमेरिका के एयर बेस पर मिसाइलें दागीं। इसी हमले पर ब्रिटेन से नाराजगी जताते हुए इसे ईरान का लपरवाह हमला बताया है।

ब्रिटेन ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों में सीधे तौर पर हिस्सा नहीं लिया है, लेकिन उसने अमेरिकी बमवर्षक विमानों को ईरान की मिसाइल साइटों पर हमला करने के लिए अपना बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। शुक्रवार को ब्रिटेन सरकार ने कहा कि ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमले को रोकने के लिए अमेरिकी बमवर्षक विमान उनका डिएगो गारसीया और बेस इस्तेमाल कर सकता है। बयान आने से पहले ही ईरान ने इस बेस को निशाना बनाया था।

# पाकिस्तान में रह रहे शिया समुदाय को आसिम मुनीर की खुली धमकी, मचा बवाल



**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के बीच पाकिस्तान में नया विवाद खड़ा हो गया है। इसका बड़ा कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने वहां रह रहे शिया समुदायों को खुली धमकी दे दी है। शिया धर्मगुरुओं के साथ बैठक में मुनीर ने कहा कि अगर ईरान से इतना प्यार है, तो वहीं चले जाओ।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 22वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है।

इसी उग्र हालात के बीच अब पाकिस्तान में इसी संबंध में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इसका कारण पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज और सेना प्रमुख मार्शल आसिम मुनीर का पाकिस्तान में रह रहे शिया समुदायों को खुली धमकी है।

दरअसल पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने रावलपिंडी में एक इफ्तार कार्यक्रम के दौरान शिया धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा कि अगर आपको ईरान इतना पसंद है, तो आप वहां चले जाएं। इस बयान को शिया समुदाय के नेताओं ने आपत्तिजनक और भड़काऊ बताया है। शिया घर्मगुरुओं का कहना है कि इससे पूरे समुदाय को गलत तरीके से निशाना बनाया गया है।

### खामेनेई की मौत पर पाकिस्तान में प्रदर्शन



बता दें कि मुनीर का यह बयान ऐसे समय में आया है। जब बीते दिनों अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमले में वहां के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद पाकिस्तान में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई, जिसके बाद सेना प्रमुख ने चेतावनी दी थी कि दूसरे देशों की घटनाओं के आधार पर पाकिस्तान में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पाकिस्तान की बदलती विदेश नीति भी समझिए

गौरतलब है कि पाकिस्तान में शिया समुदाय करीब 15% आबादी का हिस्सा है और ईरान के बाद यहां उनकी सबसे बड़ी संख्या है। दूसरी ओर पाकिस्तान की विदेश नीति में भी बदलाव दिख रहा है। देश अब सऊदी अरब और खाड़ी देशों के करीब जाता नजर आ रहा है, जबकि हाल ही में उसने ईरान के हमलों की निंदा भी की। हालांकि, पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ईरान पर हुए हमलों को अनुचित बताते हुए बातचीत की अपील भी की है। कुल मिलाकर, मुनीर के इस बयान ने पाकिस्तान के अंदर सांप्रदायिक तनाव और उसकी बदलती विदेश नीति दोनों को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

### शिया नेताओं का आरोप

मुनीर के इस बयान के बाद शिया नेताओं का आरोप है कि मुनीर ने इन प्रदर्शनों के लिए शिया समुदाय को जिम्मेदार ठहराया, जो गलत और अपमानजनक है। शिया धर्मगुरु मुहम्मद शिफा नजफी ने भी इस पर आपत्ति जताई और कहा कि पूरे समुदाय को एक साथ दोषी ठहराना सही नहीं है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पाकिस्तान की स्थापना करने वाले मोहम्मद अली जिन्ना भी शिया थे और देश में शिया समुदाय की अहम भूमिका रही है।

# यूरोप भी बन सकता है निशाना, जानें ईरान की खोर्रमशहर-4 मिसाइल कितनी ताकतवर

**तेहरान।** ईरान की 4000 किलोमीटर तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता ने वैश्विक सुरक्षा को नई चुनौती दी है। ऐसे में इससे यूरोप तक खतरा बढ़ गया है। नाटो देशों की रणनीति भी बदल रही है। डिएगो गार्सिया जैसे दूरस्थ सैन्य ठिकाने भी अब सुरक्षित नहीं रहे। कैसे इसने युद्ध की रणनीति बदल दी। आखिर क्यों अब ट्रंप युद्ध को खत्म करने की बात करने लगे हैं।

ईरान की मिसाइल क्षमता को लेकर सामने आई नई जानकारी ने वैश्विक सुरक्षा समीकरण को हिला दिया है। 4000 किलोमीटर तक मार करने वाली क्षमता ने यह साफ कर दिया है कि अब यह संघर्ष सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहा। इस एक घटनाक्रम ने दुनिया के बड़े हिस्से, खासकर यूरोप को भी संभावित खतरे के दायरे में ला दिया है।

इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ईरान की मिसाइलें वास्तव में 4000 किलोमीटर तक पहुंच सकती हैं, तो पेरिस और लंदन जैसे बड़े यूरोपीय शहर भी इसकी जद में आ सकते हैं। इससे नाटो देशों की सोच बदल रही है, क्योंकि अब तक इस संघर्ष को क्षेत्रीय माना जा रहा था, लेकिन अब यह वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा बनता दिख रहा है।



डिएगो गार्सिया अमेरिका और ब्रिटेन का एक अहम सैन्य ठिकाना है, जो हिंद महासागर में स्थित है। यह बेस लंबे समय से अफगानिस्तान, इराक और पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों के लिए इस्तेमाल होता रहा है। यहां से भारी बमवर्षक विमान और सैन्य उपकरण तेजी से तैनात किए जा सकते हैं।

इस बेस की सबसे बड़ी ताकत इसकी दूरी थी, क्योंकि यह सामान्य युद्ध क्षेत्रों से काफी दूर है। लेकिन ईरान द्वारा इसे निशाना बनाने की कोशिश ने यह साबित कर दिया कि अब कोई भी ठिकाना पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इससे साफ संकेत मिला है कि ईरान दूर-दराज के रणनीतिक ठिकानों को भी निशाना बना सकता है।

### मिसाइल डिफेंस सिस्टम की परीक्षा

इस हमले के दौरान अमेरिकी नौसेना ने एसएम-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम से इंटरसेप्शन की कोशिश की। यह सिस्टम सीधे टकराकर मिसाइल को नष्ट करता है। हालांकि इस घटना ने दिखाया कि आधुनिक और उन्नत मिसाइलों को रोकना अभी भी आसान नहीं है और सुरक्षा तंत्र के सामने बड़ी चुनौती है।

# ईरान के नतांज यूरेनियम प्लांट पर यूएस-इस्राइल के हवाई हमले

दुबई। नतांज परमाणु सुविधा पर हुआ यह हमला, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे भू-राजनीतिक तनाव को और बढ़ाता है। जबकि किसी बड़े नुकसान की तत्काल सूचना नहीं है, इस घटना के दीर्घकालिक परिणाम कूटनीतिक और सुरक्षा दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण हो सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर इस स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का दबाव बढ़ेगा।

ईरान के नतांज परमाणु सुविधा पर शनिवार को हवाई हमले की सूचना मिली है। इस घटना ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चौथे सप्ताह में तनाव को और बढ़ा दिया है। आधिकारिक ईरानी समाचार एजेंसी मिजान के अनुसार, नतांज परमाणु संवर्धन सुविधा पर हवाई हमला हुआ, हालांकि किसी भी तरह के विकिरण रिसाव की सूचना नहीं है। नतांज, जो ईरान का मुख्य संवर्धन स्थल है, पहले भी युद्ध के शुरूआती हफ्तों में हमलों का निशाना बन चुका है, जिससे कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई थीं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने पहले

## पश्चिम एशिया में और गहराया तनाव



कहा था कि ऐसे हमलों से किसी भी तरह के 'रेडियोलॉजिकल परिणाम' की उम्मीद नहीं है। यह परमाणु सुविधा तेहरान से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह सुविधा जून 2025 में ईरान और इस्राइल के बीच 12-दिवसीय युद्ध के दौरान और हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भी लक्षित की गई थी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को 'समाप्त करने' पर विचार करने की बात कही है, भले ही अमेरिका क्षेत्र में तीन और उभयचर हमला जहाजों और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन भेज रहा है। ट्रंप की सोशल मीडिया पोस्ट एक दिन बाद आई जब ईरान ने दुनिया भर में मनोरंजक और पर्यटन स्थलों पर हमला करने की धमकी दी थी।

अमेरिका के इन मिश्रित संदेशों के बीच तेल की कीमतों में एक और वृद्धि देखी गई, जिसने देश के शेयर बाजार को प्रभावित किया। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने उन ईरानी तेलों पर से प्रतिबंध हटाने की घोषणा की जो पहले से ही जहाजों पर लदे हुए थे, जिसका उद्देश्य बढ़ती ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करना था।

### अमेरिका के लक्ष्य और सैन्य तैनाती

अमेरिका और इस्राइल ने युद्ध के लिए अलग-अलग तर्क दिए हैं, जिसमें ईरान के नेतृत्व को उखाड़ फेंकने वाले विद्रोह को बढ़ावा देने से लेकर उसके परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को समाप्त करने तक शामिल है। ऐसे किसी भी विद्रोह के सार्वजनिक संकेत नहीं मिले हैं और युद्ध के अंत की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। सोशल मीडिया पर, ट्रंप ने कहा, 'हम पश्चिम एशिया में अपने महान सैन्य प्रयासों को समाप्त करने पर विचार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करने के बहुत करीब पहुंच रहे हैं।' यह बयान उनके प्रशासन की क्षेत्र में अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ाने और युद्ध के वित्तपोषण के लिए कांग्रेस से 200 अरब डॉलर के अतिरिक्त अनुरोध के विपरीत लग रहा था। अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन युद्धपोत और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन तैनात कर रहा है। इससे पहले, अमेरिका ने प्रशांत से 2,500 मरीन ले जाने वाले युद्धपोतों के एक अन्य समूह को पश्चिम एशिया की ओर भेजा था।

ये मरीन क्षेत्र में पहले से मौजूद 50,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों में शामिल होंगे। ट्रंप ने कहा है कि उनकी ईरान में जमीनी सेना भेजने की कोई योजना नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा है कि वह सभी विकल्पों को खुला रख रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में युद्ध की व्यापक स्थिति

तीन सप्ताह से चल रहे युद्ध में कोई कमी नहीं दिख रही है। इस्राइल का कहना है कि ईरान ने शनिवार तड़के उस पर मिसाइलें दागीं, जबकि सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने पूर्वी क्षेत्र में, जो प्रमुख तेल प्रतिष्ठानों का घर है, कुछ ही घंटों में 20 ड्रोन मार गिराए। यह हमले उस दिन हुए जब इस्राइली हवाई हमलों ने तेहरान को निशाना बनाया, जबकि ईरानी फारसी नव वर्ष, नौरोज मना रहे थे। यह एक ऐसा उत्सव है जो आमतौर पर आनंदमय होता है, लेकिन युद्ध के कारण फीका पड़ गया है।

### ईरान की धमकियां और पश्चिम एशिया से परे हमले

ईरान के शीर्ष सैन्य प्रवक्ता, जनरल अबोलफजल शेकार्ची ने शुक्रवार को चेतावनी दी थी कि दुनिया भर में 'पार्क, मनोरंजक क्षेत्र और पर्यटन स्थल' देश के दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे। इस धमकी ने इस चिंता को फिर से जगा दिया है कि तेहरान पश्चिम एशिया से परे आतंकवादी हमलों का सहारा ले सकता है।

# ट्रंप ने दिया बड़ा बयान, कहा- जंग रोकने पर कर रहे विचार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को कम करने पर विचार किया जा रहा है, क्योंकि अमेरिका अपने लक्ष्यों के करीब है। इस्राइल-ईरान हमलों के बाद तेल-गैस कीमतों में उछाल आया है। ईरान ने कतर के एलएनजी प्लांट पर हमला किया। इस बीच अमेरिका ने ईरानी तेल पर अस्थायी राहत दी है। हालांकि हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं।

पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण संघर्ष के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जा रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्राइल और ईरान के बीच हमले लगातार बढ़ रहे हैं और हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका अपने सैन्य लक्ष्यों को लगभग हासिल कर चुका है। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका का मकसद ईरान की मिसाइल ताकत को खत्म करना, रक्षा ढांचे को कमजोर करना और उसे परमाणु क्षमता हासिल करने से रोकना है। ट्रंप के मुताबिक अब हालात ऐसे हैं कि युद्ध को धीरे-धीरे खत्म करने पर विचार किया जा सकता है।

इस हफ्ते इस्राइल ने ईरान के एक अहम गैस फील्ड पर हमला किया, जिससे हालात और बिगड़ गए। इसके जवाब में ईरान ने कतर में दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट को निशाना बनाया। इस टकराव का सीधा असर वैश्विक बाजार पर पड़ा और तेल-गैस की कीमतों में तेज उछाल देखा गया।

### जंग के बीच बढ़ता नुकसान

ईरान के जवाबी हमलों में एक अमेरिकी ऋ35 लड़ाकू विमान को नुकसान पहुंचने की खबर सामने आई है। हालांकि पायलट सुरक्षित बताया गया है। इस बीच तेल की बढ़ती कीमतों और सप्लाई संकट को देखते हुए अमेरिका ने समुद्र में फंसे ईरानी तेल पर अस्थायी राहत देने का फैसला किया है, ताकि वैश्विक बाजार में संतुलन बनाया जा सके।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | रविवार • 22 मार्च -2026






# लोकसत्य के पूर्वी दिल्ली संस्करण विमोचन के कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद करंट क्राइम। लोकसत्य के पूर्वी दिल्ली संस्करण के विमोचन समारोह में गणमान्य लोग पहुंचे। पूर्वी दिल्ली के निर्माण विहार में स्थित पूर्वा सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में पूर्वी दिल्ली के सांसद और केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा पहुंचे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री को आना था लेकिन वो नही पहुंच सकी। शनिवार को आयोजित विमोचन समारोह में उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा इस कार्यक्रम में पहुंचे। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता तथा निदेशक ओम गुप्ता भी प्रमुख रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विमोचन समारोह में सभी ने अपने अपने विचार वक्त करते हुए समाचार पत्र को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ मनाई ईद, भाईचारे का दिया संदेश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ईद-उल-फितर के अवसर पर साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और मुस्लिम समाज के लोगों के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब पर जोर देते हुए कहा कि त्योहार हमारे समाज को जोड़ने का काम करते हैं।

पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा जैसे ही क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पहुँचे, स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने खोड़ा, पसौंडा, शहीद नगर, और अर्थला जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जाकर लोगों के साथ समय बिताया और शिर-खुरमा का आनंद लिया। अमरपाल शर्मा ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और युवाओं को ईद की बधाई दी। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि साहिबाबाद का इतिहास हमेशा से प्रेम और मिलनसारिता का रहा है।

ईद का यह त्योहार हमें सिखाता है कि हम चाहे किसी भी मजहब के हों, हमारी खुशी एक-दूसरे के साथ ही पूरी होती है। आज के दिन हमें नफरतों को भुलाकर विकास और भाईचारे के रास्ते पर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ भारी संख्या में समर्थक और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने भी पूर्व विधायक के इस अपनत्व की सराहना की और कहा कि वे हमेशा हर सुख-दुख में जनता के बीच खड़े रहते हैं।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में कनिका कपूर के गानों पर थिरके छात्र










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव पल्स-2026 के दूसरे दिन कार्यक्रम में बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका कनिका कपूर को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने सुपरहिट गीतों जैसे बेबी डॉलए चिट्टियां कलाइयां, लवली, कमली और नचां फराटे सहित कई लोकप्रिय बॉलीवुड गानों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में गाजियाबाद, नोएडा, हापुड और दिल्ली के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के 120 कॉलेजों से 1500 से अधिक छात्र-छात्राओ ने पंजीकरण कर भाग लिया।

सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में आईएमएसणगाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के पर्व प्रथम स्थान पर रहे, जबकि एसडीजीआई कॉलेज की यशस्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में जेडीएमसी दिल्ली यूनिवर्सिटी की टीम प्रथम रही, जबकि रुक्मणि देवी कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर श्यामलाल कॉलेज की टीम रही। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अन्य एवं सईद यमीना की टीम प्रथम रही, जबकि सुंदरदीप लॉ कॉलेज के प्रियांशु सिंह एवं आकांशा ठाकुर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फैशन शो में लेडी इरविन कॉलेज की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में विजित प्रतिभागियों को संस्थान की निदेशक प्रो (डॉ,) जसकिरण कौर एवं डीन अकादमिक डॉ. गीति शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या शर्मा, ध्रुव शर्मा, डॉ नीतिका अरोड़ा, प्रो आशीष भटनागर एवं नेहा अन्तल द्वारा किया गया।

# पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने वार्डवासियों के साथ मिलकर ईद का त्योहार मनाया







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-34 शहीद नगर में खुशी और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर वार्ड के पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर ईद का त्योहार मनाया और सभी की खुशहाली की दुआ की। सुबह नमाज के बाद पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन के आवास और कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उन्होंने वार्ड के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

लोगों को संबोधित करते हुए मोहम्मद कल्लन ने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम, शांति और मिलनसारिता का संदेश देता है। उन्होंने कहा, वार्ड-34 हमारा एक परिवार है और खुशियों को अपनों के बीच बांटना ही त्योहार की असली सार्थकता है। मैं कामना करता हूँ कि यह ईद सभी के जीवन में समृद्धि और अमन-चैन लेकर आए। क्षेत्रवासियों ने भी पूर्व पार्षद के साथ अपनी खुशियाँ साझा कीं और वार्ड में उनके द्वारा किए गए कार्यों व उनके सरल स्वभाव की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों में ईदी और मिठाइयां भी बांटी गईं।

# बाइक सवार बदमाश युवती से मोबाइल फोन झपटकर भागे

**लोनी करंट क्राइम।** सभापुर कट के पास बाइक सवार बदमाश एक युवती से मोबाइल फोन झपटकर भाग गए। युवती भी एक बाइक पर युवक के साथ दिल्ली से घर लौट रही थीं। युवक-युवती ने बाइक से बदमाशों का पीछा किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। पीड़िता ने अंकुर विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूजा कॉलोनी निवासी जोया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 मार्च को दिल्ली-खजूरी से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रही थीं। सभापुर चेक पोस्ट के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया और भाग गए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दो बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग महिला के कान से झुमके की चेन खींचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक व स्कूटी भी बरामद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन बुध बाजार मार्ग पर 74 वर्षीय गोमती यादव के कानों में पड़ी चेन खींचने वाले आरोपी 20 मार्च की रात चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े। इनमें शालीमार गार्डन के गणेशपुरी का रहने वाला मोहम्मद अमन और शहीद नगर निवासी अमन हैं। दोनों के पास से चोरी की बाइक व स्कूटी, महिला के कान से खींची गई चेन और एक युवक से छीना गया मोबाइल बरामद हुआ है। दोनों ने छिनैती की वारदात करना भी पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 11 मार्च की सुबह करीब सुबह नौ बजे बुजुर्ग गायत्री देवी बाजार से घर लौट रही थीं। इस दौरान दो बाइक सवारों ने झपट्टा मारकर कान के झुमकों की चेन खींच ली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान दो वाहन चालकों को रोका गया था। दोनों मोहम्मद अमन और अमन थे। वाहन के कागजात न दिखाए जाने पर संदेह हुआ तब सख्ती से पूछताछ की गई थी।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने करीब सात-आठ दिन पहले 150 फुटा मार्ग पर महिला से छिनैती की थी। वहीं करीब एक माह पहले बजीराबाद मार्ग पर एक युवक से मोबाइल छीना था। दोनों के पास से मिली बाइक व स्कूटी को दिल्ली से चुराया गया था। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों शनिवार को कोर्ट में पेश किए गए और यहां से न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया है।

# अगवा कर नाबालिग किशोरी को बनाया था हवस का शिकार

## 11 दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी युवक



**हापुड़ करंट क्राइम।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने 11 दिन पहले कुराना टोल के पास से जिला हमीरपुर जिले के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार की शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

सीओ अनीता चौहान ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय व उनकी टीम ने मंगल रजक निवासी गांव नौसारा जिला महोबा को ब्रजनाथपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी 10 मार्च की दोपहर करीब सवा 12 बजे कुराना टोल प्लाजा के पास रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया। इस संबंध में जिला हमीरपुर के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने कई दिनों तक अपनी पुत्री को आसपास व रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया लेकिन पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा।

मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी और संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को आरोपी के ब्रजनाथपुर नहर पुल के पास होने सूचना मिली। सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक गौरव वशिष्ठ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार की शाम न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# कमरे की छत गिरने से युवक की मौत

## घटना में एक लड़की सहित चार घायल




**गुरुग्राम करंट क्राइम।** गुरुग्राम के डूंडाहेड़ा गांव में 20 मार्च की रात को करीब 40 साल पुरानी इमारत के दूसरी मंजिल पर बने कमरे की छत गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि घटना में एक लड़की सहित चार लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमारत के मालिक व केयर टेकर के खिलाफ उद्योग विहार थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या व दूसरों की जान जोखिम मे डालने संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को इमारत के मालिक ओमप्रकाश व केयरटेकर राकेश को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जमानत पर छोड़ दिया है। घटना की जानकारी के बाद उद्योग विहार थाने की पुलिस व एनडीआरएफ की टीम पहुंची और घायलों को निकालना शुरू किया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान बिहार के औरंगाबाद निवासी सतीश माली के रूप में हुई है। मृतक के भाई श्रवण माली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सतीश माली अपने दोस्त रवि झा के साथ डूंडाहेड़ा गांव में ओमप्रकाश की इमारत में दूसरी मंजिल पर बने कमरे में किराये पर रहता था। यह इमारत करीब 40 साल पुरानी व जर्जर हालत में है। श्रवण माली ने पुलिस को बताया कि कमरे की छत टपकती थी, जिसकी शिकायत सतीश व रवि ने इमारत के मालिक ओमप्रकाश व केयर टेकर राकेश को कहा था, लेकिन छत को रिपेयर नहीं करवाया।

20 मार्च की रात करीब 9 बजे दूसरी मंजिल पर बने कमरे की छत भरभराकर गिर गई। घटना के दौरान सतीश व रवि झा खाना बनाने व बर्तन धोने का काम कर रहे थे। सतीश माली व रवि झा छत के नीचे दब गए। वहीं, साथ वाले कमरे में रह रहे परिवार की एक 13 वर्षीय लड़की वहां छत पर घूम रही थी, छत का मलबा उसके ऊपर भी गिर गया। छत का मलबा नीचे सड़क पर गिरा, जिसकी चपेट में आकर बाइक पर जा रहे पति-पत्नी भी घायल हो गए।

# छापा मारकर 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा किया सीज



**हापुड़ करंट क्राइम।** नवरात्र के बीच शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापामारा है। टीम ने चंडी रोड पर एक प्रोविजनल स्टोर से 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा सीज किया है। इसके अलावा दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

कुट्टू का आटा खाने के कारण प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इसके बाद भी बाजार में पीसा हुआ खुला कुट्टू का आटा बिक रहा है। इस मामले में नवरात्रि से पहले और प्रथम नवरात्रि तक भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई नहीं की। बुलंदशहर में लोगों के बीमार पड़ने के बाद शुक्रवार की शाम के समय जाकर अधिकारी जागे हैं।

सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता ने चंडी रोड पर सक्सैना प्रोविजनल स्टोर पर कूट्टू के खुले आटे की बिक्री पर कार्रवाई की। टीम ने मौके से कुट्टू का आटा और चौलाई के लड्डू का एक-एक नमूना लिया है। इसके अलावा बिल न दिखाने पर 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा सीज किया गया है।

मामले में सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ में लोगों के बीमार पड़ने की सूचना पर जांच के लिए टीम गई है। जिले में कुट्टू के आटे की बिक्री न हो, इसके लिए लगातार अभियान चलाए गए हैं। इससे पहले के मुकाबले लोगों के बीमार कम पड़ने के मामले भी आए हैं।

### इस प्रकार करें मिलावट की पहचान

खुला कुट्टू का आटा ज्यादा दिन तक रखने से इसमें फंगस आ सकता है। कुट्टू के आटे की पहचान उसके रंग से की जाती है। इसका रंग गहरा भूरा होता है। अगर आटे का रंग हल्का गहरा लगे तो समझ लीजिए कि इसमें मिलावट है। इसकी खासियत यह है मिलावट होने पर सबसे पहले इसका रंग बदलेगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि आटे को मलते समय भी पता चल जाता है कि मिलावट है या नहीं, अगर गूंथते समय आटा बिखर जाए तो समझ जाइए, इसमें मिलावट है। इसके साथ ही आटा खरीदते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। खुले में रखे आटे को नहीं खरीदना चाहिए। इसमें धूल मिल जाती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है।

### पहले भी बीमार पड़ चुके हैं लोग

**नौ मार्च 2024 :** महाशिवरात्रि पर कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूड़ी खाने से ब्रजघाट में दो परिवार के 22 सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई थी। पेट में दर्द व उल्टी की शिकायत होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। मामले में दुकान को सील भी किया गया था।

**23 मार्च 2023 :** गांव बहादुरगढ़ में एक दुकान से मिलावटी कुट्टू का आटा खरीदकर व्रत का खाना खाने वाले छह परिवार के 17 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। सभी को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत थी। नवरात्रे पर परिवार के लोगों ने व्रत रखा था। शाम को व्रत खोलने से पहले गांव में ही स्थित एक पंसारी की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा गया था।

**21 अक्तूबर 2023 :** कोटला मेवतियान में कुट्टू खाने से एक ही परिवार के चार लोग बीमार हो गए थे। रातभर उल्टियां लगने से दो की अधिक तबीयत बिगड़ने से वह बेहोश हो गए।